Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 182 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका में बर्फीले तूफान ने बरपाया कहर

वाशिंगटन। अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी के चलते लाखों लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। सड़कों पर बर्फ जम गई है जिसकी वजह से हुए हादसों में लोगों की मौतें भी हुई हैं। बर्फीले तूफान ने अमेरिका के एक दर्जन से अधिक राज्यों को अपनी चपेट में लिया है। मिडिल अमेरिका के कैनसस से लेकर पूर्वी तट पर न्यू जर्सी तक छह करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। सोमवार दोपहर तक मिसौरी से वर्जीनिया तक 175,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर थे।

भूकम्प से कांपी तीन देशों की धरती

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के कई राज्यों सहित नेपाल, चीन से लेकर तिब्बत तक मंगलवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। नेपाल में तेज भूकंप आने के चलते बिहार में धरती डोली। बिहार के कई जिलों में इसका असर दिखा। बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, मुंगेर, शिवहर और सारण में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल में भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत में था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के अनुसार, भूकंप तिब्बत के शिजांग में रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कहा- किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा, नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर रहेगा जारी

परिजनों से भेंटकर भावुक हुए मुख्यमंत्री, कहा- नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर भी प्रहार

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में सोमवार को बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली में आईडी ब्लास्ट में शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कदम पर राज्य सरकार उनके साथ है।

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा श्री चौतराम अटामी, विधायक बीजापुर श्री विक्रम मण्डावी, पूर्व सांसद श्री दीपक बैज, पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा सहित डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, एडीजीपी श्री विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी, डीआईजी द्वय श्री कमलोचन कश्यप एवं श्री अमित काम्बले, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय सहित पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

मुख्यमंत्री श्री साय सहित उपमुख्यमंत्री एवं वन मंत्री ने शहीद जवान बामन सोढ़ी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया। साथ ही अन्य शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव को उनके गृह ग्राम रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर प्रहार है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार बस्तर संभाग में शांति स्थापित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और मार्च 2026 तक प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होकर ही रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से डीआरजी के 8 जवान सहित एक वाहन चालक शहीद हो गए।

दिल्ली विधानसभा चुनाव : सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग, नतीजे 8 फरवरी को

डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें हैं। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में डेढ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें हैं, कुल 1.55 करोड़ मतदाता है, जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 83.49 लाख है, महिला मतदाताओं की संख्या 71.74 लाख है और युवा मतदाताओं की संख्या 25.89 लाख है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 2.08 लाख हैं।

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर 30 मिनट तक फैक्ट्स के साथ सफाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर्स बढ़ाने, खास वर्ग को टारगेट करने के आरोप गलत हैं। चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने में वक्त लगता है। यह सब एक तय प्रोटोकॉल के तहत होता है।

दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है।

2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 8 फरवरी 2020 को सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी और 11 फरवरी को नतीजे घोषित हुए थे।

2020 में आम आदमी पार्टी (AAP) को 53.57 प्रतिशत वोट के साथ 62 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 8 सीटों सहित कुल 38.51 प्रतिशत वोट मिले थे।

वहीं, कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही थी। 2015 के चुनाव में भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। -**कमल नयन नारंग**

मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ भाजपा की अहम बैठक

संगठन चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द हो सकता है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के भी बदलने के संकेत हैं। जानकारी मुताबिक वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव को संगठन से सरकार में भेजने की रणनीति बनी है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह विस्तार क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को मजबूत करने और स्थानीय निकाय चुनावों में बढ़त हासिल करने के लिए भाजपा की योजना का हिस्सा है। छत्तीसगढ़ भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव को मंत्री बनाने पर सहमति भी बनी है। भाजपा विधायक दल की बैठक आज 9 जनवरी को होगी।

रायपुर के भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई है। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे. बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी भाजपा विधायकों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बीजेपी विधायक दल की बैठक में संगठन चुनाव के साथ पंचायत निकाय चुनाव पर भी चर्चा होगी। अगले दो दिनों में निकाय और पंचायत पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई पूरी होने जा रही है. यही वजह है की निकाय चुनाव की चर्चा इस बैठक में हो, इसकी संभावना ज्यादा है. साय मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर फैसला होने पर पार्टी आगे की रणनीति भी इसमें तय करेगी।

अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव हेतु 5 फरवरी को मतदान

अयोध्या (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर सीट पर भी आयोग ने चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। दिल्ली के साथ अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर भी 5 फरवरी को वोटिंग होगी, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

दरअसल, 2022 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने विजय पाई थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट से विधायक रहे अवधेश प्रसाद सांसद चुने गए। इस जीत को भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया। ऐसे में भाजपा अब मिल्कीपुर सीट पर कब्जा करने के लिए पूरी ताकत से जुटी है। इसी कारण से मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार दौरा कर चुके हैं।

भाजपा मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में जीत के जरिए लोकसभा चुनाव में मिली हार की भरपाई करने की फिराक में है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों की फौज उतार रखी है। संगठन के पदाधिकारियों को भी चुनाव मैदान में उतारा गया है। साथ ही खुद भी सीएम योगी लगातार अयोध्या का दौरा कर मीटिंग कर रहे हैं।

भक्तिन माता राजिम के आदर्श सभी समाजों के लिए अनुकरणीय : विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री ने की भक्तिन माता राजिम की भव्य कांस्य प्रतिमा के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा

रायपुर (विश्व परिवार)। राजिम शैव और वैष्णव परंपरा का संगम स्थल है। राजिम के इस पवित्र स्थल में ही भगवान श्रीराम ने कुलेश्वर महादेव की स्थापना कर उनकी पूजा-अर्चना की थी। सोन्दूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के कारण यह क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। राजिम नगरी छत्तीसगढ़ का प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध है। यहां से प्रवाहित होने वाली महानदी पापमोचिनी गंगा कहलाती है। राजिम भक्तिन माता के नाम पर ही राजिम का नाम हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर राजिम में भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा की स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हम आज उस भूमि में एकत्रित हुए हैं जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ अपने चरण रखे। माता सीता ने यहां महादेव की पूजा अर्चना की और रेत से ही कुलेश्वर महादेव को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राजिम भक्तिन माता ने जिस त्याग और तपस्या का उदाहरण प्रस्तुत किया, उसकी स्मृति साहू समाज संजोये हुए है।

छग कैडर के आईपीएस अमित कुमार गृहमंत्री के हाथों राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

नई दिल्ली/रायपुर (विसं)। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हुए छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अमित कुमार सीबीआई और छत्तीसगढ़ पुलिस में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अमित कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस में एडीजी (इंटेलिजेंस) के पद पर कार्यरत, अमित कुमार ने नक्सल प्रभावित बस्तर और शहरी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। छत्तीसगढ़ कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार को उनकी विशिष्ट और अनुकरणीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया, बोले- देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया।

भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी। अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आज़ादी के 75 साल से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है।

भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। वहीं, से पहला कदम शुरू होगा। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारे पास 25 साल हैं और एक प्रकार से भारत के लिए स्वर्णिम अवसर होगा।

बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित इस भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर और वित्तीय अपराधों में अंतरराष्ट्रीय पुलिस की सहायता करना है, जो वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा। दरअसल, भारतपोल पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है।

रायपुर महापौर पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित

नगर निगमों के लिए लॉटरी से आरक्षण सम्पन्न

रायपुर (आरएनएस)। नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न किया गया। इसमें प्रदेश के 10 नगर निगमों में होने वाले चुनाव के लिए प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों में महापौर और अध्यक्षों का आरक्षण लॉटरी से निकाला गया। नगर निगमों में महापौर पद, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पद के लिए आज आरक्षक लॉटरी से संपन्न किया गया। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के 10 नगर निगमों में होने वाले चुनाव के लिए प्रदेश के

सभी 14 नगर निगमों में महापौर और अध्यक्षों का आरक्षण लॉटरी से पूरा कर लिया गया है।

देखें सूची-

- रायपुर- सामान्य महिला
- रायगढ़- एससी
- अंबिकापुर- एसटी
- कोरबा- सामान्य महिला
- भिलाई- ओबीसी
- भिलाई चरौदा- ओबीसी
- रिसाली- एससी महिला
- दुर्ग- ओबीसी
- बिलासपुर- ओबीसी
- राजनांदगांव- सामान्य
- चिरमिरी- सामान्य
- जगदलपुर- सामान्य
- धमतरी- सामान्य
- बीरगांव- सामान्य महिला।

हर राज्य की अपनी एक विशिष्ट पहचान है : राज्यपाल रमेन डेका

राजभवन में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस

रायपुर (विश्व परिवार)। राजभवन में आज कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि भारत विभिन्न रंगों के अनेक पुष्पों की एक माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। इन राज्यों के लोग अपनी विशिष्ट पहचान के साथ छत्तीसगढ़ में निवास करते हुए व्यवसाय या नौकरी कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार, विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, जो आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। इस परिप्रेक्ष्य में आज का कार्यक्रम एक गौरवपूर्ण क्षण है।

कार्यक्रम में उपस्थित इन राज्यों के बच्चों एवं युवाओं ने अपने राज्य की संस्कृति एवं लोक परंपरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। भरत नाट्यम, सरहुल, एवं अन्य लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

दिल्ली राज्य के प्रतिनिधि श्री नवनीत अग्रवाल, उत्तराखंड के प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश, झारखंड के प्रतिनिधि डॉ. चिरंजीवी जैन, कर्नाटक की प्रतिनिधि डॉ. शीला श्रीधर, तमिलनाडु के प्रतिनिधि श्री एस.स्वामीनाथन ने राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा भी इनको राजकीय गमछा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती उषा बारले, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, इन सभी राज्यों के छत्तीसगढ़ में निवासरत, बच्चे, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

HMPV वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं, लक्षणों एवं प्रभावों के बारे में किया जा रहा है अध्ययन: स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य विभाग किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार

स्वास्थ्य मंत्री ने एचएमपी वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग श्याम बिहारी जायसवाल की महत्वपूर्ण बैठक में दिए दिशा निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस जिसे एचएमपीवी वायरस कहा जा रहा है, इससे निपटने के लिए छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह से तैयार है। वायरस को लेकर सतर्कता बरतने और तैयारियों के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय नवा रायपुर में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

देश के कुछ हिस्सों में इस वायरस के मरीज मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों की टीम सतत रूप से इस वायरस के बारे में निगरानी रख रही है और इसके लक्षणों एवं प्रभाव के बारे में भी अध्ययन कर रही है। श्री जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना महामारी के बाद से ही किसी भी प्रकार के आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि इस वायरस को रोकें और साथ ही इससे लड़ने के लिए आम जनता को भी जागरूक करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वायरस पहले भी रिपोर्ट किया जा चुका है और इससे घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन सावधानी बरतनी जरूरी है। उन्होंने आम जनता से स्वच्छता पर जोर देने की बात कही है।

वायरस से बचने के लिए ये करें : विशेषज्ञों के अनुसार एचएमपीवी वायरस से बचने के लिए भीड़ वाली जगह से दूरी बना कर रखें, सर्दी खांसी बुखार वाले मरीजों के संपर्क में नहीं आएं, सर्दी खांसी बुखार के लक्षण पर तत्काल स्थानीय अस्पताल में जांच कराएं। ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। खांसते व छींकते समय मुंह व नाक को रूमाल से ढंके, अपने हाथों को साबुन एवं सेनेटाइजर से साफ करते रहें, यदि बीमार हैं तो घर पर रहें, ज्यादा पानी पीएं एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करें।

ये काम न करें : सर्दी, खांसी व बुखार होने पर अथवा सामान्य स्थिति में भी टिशू पेपर का दोबारा इस्तेमाल न करें। बार-बार आंख नाक व मुंह को न छूएं। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें तथा डाक्टर से सलाह लिए बिना किसी भी दवा का इस्तेमाल न करें।

शास्त्री चौक में सुगम यातायात व्यवस्था एवं यात्रियों की सुविधा हेतु नगर निगम, यातायात पुलिस एवं सिटी बस संचालक का संयुक्त निरीक्षण

यात्रियों की सुविधा हेतु मरहीमाता, नगर घड़ी चौक एवं बंजारी चौंक में होगा सिटी बसों का स्टापेज

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 28 दिसम्बर 2024 को कलेक्टर, एसएसपी एवं नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु भ्रमण के दौरान शास्त्री चौक में सभी मार्ग से आने वाले सवारी आटो एवं ई रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंध करने के आदेश पर यातायात पुलिस रायपुर द्वारा विगत 01 सप्ताह से शास्त्री चौक में सभी मार्ग से आने वाले सवारी आटो एवं ई रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित के संबंध में आटो चालक एवं ई रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारियों का बैठक लेकर एक सप्ताह के प्रयोग करने के लिए सहमति बनी जिसके बाद लगातार एक सप्ताह तक शास्त्री चौक में सवारी आटो एवं ई रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप शास्त्री चौक में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था संचालित हो रही है। एक सप्ताह के प्रयोग के पश्चात आज दिनांक 06 जनवरी को पुन: आटो चालक एवं ई रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें शास्त्री चौक में यात्रियों की सुविधा हेतु सिटी बस को घड़ी चौक बंजारी चौक एवं मरही माता चौक में स्टापेज देने बताया जिस पर नगर निगम, यातायात पुलिस एवं सिटी बस संचालक द्वारा शास्त्री चौंक का भ्रमण कर शास्त्री चौक के स्थान पर मरही माता चौक, नगर घड़ी चौक एवं बंजारी चौक में सवारी उतारने चढ़ाने हेतु स्टापेज दिये जाने पर सहमती हुई।

अवैध रूप से शराब का परिवहन करते आरोपी नंद कुमार धीवर गिरफ्तार

रायपुर (विश्व परिवार)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स तथा आबाकरी एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 07.01.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम चंदखुरी बस्ती पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा कहीं जाने के फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना श्री लम्बोदर पटेल द्वारा थाना प्रभारी मंदिर हसौद को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नंद कुमार धीवर निवासी मंदिर हसौद रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में नंद कुमार धीवर से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा टीम के सदस्यों को किसी प्रकार को काई भी दस्तावेज प्रस्तुत न कर गुमराह किया जा रहा था।

शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय में योग साधना से हुआ नव वर्ष का स्वागत

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। शा. मिनिमाता कन्या महाविद्यालय सभा गृह मे नव वर्ष का स्वागत योग साधना से किया गया. नव पदस्थ प्राचार्य डॉ श्रीमती वासु वर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ के सदस्यों व छात्राओं को नव वर्ष की शुभकामनायें दी और कहा कि नया वर्ष आप सभी के जीवन मे सद्भाव, स्वास्थ्य व खुशियां लाए. उन्होंने कहा कि साल का प्रथम दिन हर किसी के लिए खास होता है. इस दिन आप सभी नए संकल्पों के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें यह हमारी शुभेच्छा है. उन्होंने कहा नया साल सिर्फ कैलेंडर बदलने का समय नहीं है बल्कि खुद को बेहतर बनाने का अवसर है इसलिए इसे उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाएं. उन्होंने स्वस्थ जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए योग को अपनाने पर जोर दिया. इस अवसर पर योग मे प्रशिक्षण प्राप्त छात्रा कु ममता ध्रुव ने योग की क्रियाये प्रदर्शित की जिसमे सूक्ष्म व्यायाम प्रमुखता से दिखाया गया. व्यायाम की इस क्रिया से सिर से पैर तक का सम्पूर्ण व्यायाम हो जाता है जिसे उपस्थित सभी लोगों ने किया व प्रतिज्ञा ली कि प्रतिदिन योगाभ्यास करेंगे. कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य द्वारा केक काट कर नववर्ष मनाने की औपचारिकता पूर्ण की व सभी उपस्थित लोगों को केक व चॉकलेट दी गई. इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक व छात्राएँ बड़ी संख्या मे उपस्थित थीं.

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मयूरी बाफना **MAYURI BAFNA** पिता श्री नरेंद्र कुमार बाफना **NARENDRA KUMAR** बाफना पति श्री श्रेणिक मुनोत **Shrenik Munot** निवासी समता परिसर न्यू राजेंद्र नगर **SAMTA PARISAR NEW RAJENDRA** रायपुर, (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम **MAYURI SHRENIK MUNOT,** पिता श्री **NARENDRA KUMAR BAFNA** रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **MAYURI SHRENIK MUNOT** के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

FLAT NO A603 SAMTA PARISAR NEW RAJENDRA NAGAR
नगर रायपुर, (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर

प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर)
सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है. उक्त भवन को फी-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्री-होल्ड संपरिर्तन निम्नानुसार किया जाना है:-

क्र.	आबंटियों का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कॉलोनी का नाम
1	श्री संजय महाशब्दे	स्व.श्री रत्नाकर महाशब्दे	266	अटल आवास योजना गातापार रायपुर
2	श्री अश्वनी कुमार साहू	श्री सीताराम साहू	एल.आई.जी.-109	दीनदयाल आवास योजना गातापार रायपुर
3	श्रीमती कनौजिया आरती	श्री दिनेश कुमार कनौजिया	एल.आई.जी.-421	दीनदयाल आवास योजना गातापार रायपुर

अत: इस आम सुचना प्रकाशन की तिथी से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)

पक्षकार छ.ग. रेरा, शास्त्री चौक
जिला-रायपुर (छ.ग.)
..........................आवेदक

बनाम

प्रमोटर-विजय लक्ष्मी शर्मा,
पता-राम रामा पेट्रोल पंप, टिकरापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक-SM-EXP-2024-02276 एवं SM-EXP-2024-02280)
(प्रोजेक्ट-राम रामा रेसीडेन्सी एवं सिया रेसीडेन्सी) ....अनावेदक

सूचना तामिली पक्षकार-विजय लक्ष्मी शर्मा, पता-राम रामा पेट्रोल पंप, टिकरापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) को प्रकरण में सुनवाई हेतु उपस्थिति के लिए सूचना तामिली हेतु।

-00-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तरवादी-**प्रमोटर-विजय लक्ष्मी शर्मा, पता-राम रामा पेट्रोल पंप, टिकरापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)** के विरूद्ध छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर के समक्ष अधिनियम की धारा 59 के अधीन संधारित क्रमश: प्रकरण क्रमांक-SM-EXP- 2024-02276 एवं SM-EXP-2024-02280 है। उत्तरयादी को दस्तावेज में उल्लेखित पते पर सूचना पत्र (नोटिस) प्रेषित किया गया था, जो कि अदम तामिल प्राप्त हुए है।

अतएवं उक्त परिवाद में आगामी सुनवाई तिथि 17/01/2025 को प्रात: 11:00 बजे नियत किया गया है। आप उक्त तिथि में नियत समय पर छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) के समक्ष स्वयं अथवा विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए उत्तरवादी स्वत: जवाबदार होंगे।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं प्राधिकरण के पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मान. प्राधिकरण द्वारा आदेशित)

(अरूण कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण
रायपुर

मुहर

SAMVAD- 42685/ 3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17018/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17018
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N01080** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS SHREE LAXMI CONSTRUCTION PARTNER BY RAJKUMAR DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. TORAN DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **USHA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BIRENDRA KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17073/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17073
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652G4D340** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAHIN PARVEEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASLAM KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KHEMRAJ KAHAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ISHWAR KAHAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17075/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17075
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651F00640** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. ANIL GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT SUMAN SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAVEEN SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17017/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17017
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N01079** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS SHREE LAXMI CONSTRUCTION PARTNER BY RAJKUMAR DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. TORAN DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAGRITI SIDAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DIKENDRA KUMAR MANJHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /17285/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17285
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802H00957** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SEETA SHARAM W/O CHOUTHMAL SHARMA , CHOUTHMAL SHARMA S/O VINOD KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SEETA SHARAM W/O CHOUTHMAL SHARMA, CHOUTHMAL SHARMA S/O VINOD KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SADHNA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINOD KUMAR SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 685 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड
वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **16** मांग **पंजी क्र. 1523 युआईडी 38137** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कुलदीप चौधरी / सत्यनाराण चौधरी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **यश असरानी / हरीश कुमार असरानी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **06-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 686 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड
वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 183 युआईडी 24719** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **फगुवा राम ध्रुव / स्व. झाडू राम ध्रुव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **विवेक देवांगन/ नन्द लाल देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **06-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 687 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड
वार्ड क्र. 12 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 12 मांग **पंजी क्र. 9 युआईडी 15934** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दिनेश कुमार वर्मा / थाथी राम वर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **नंदिनी वर्मा / राकेश वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **06-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /17222/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17222
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00762** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHISH GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHOR GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT PRABEENA MAHARANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TRILOCHAN MAHARANA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./17244/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17244
वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436H00175** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOTI LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR NATHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LT. MADAN MOHAN NATHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./17242/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 06-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17242
वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737C00152** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GAYATRI SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHIV KUMAR SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती पूर्णिमा साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री नरेन्द्र कुमार साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./17277/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17277
वार्ड का नाम- 13 - राजीव गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR222B00235** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. HITESH CHOUHAN 2. YOGITA WADER 3. SONAL CHOUHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. CHANDULAL CHAUHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री हितेश चौहान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता स्व. श्री चंदूलाल चौहान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17226/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17226
वार्ड का नाम- 62-शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR654E00126** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **TABASSUM BEGUM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JALIL KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती POONAM DHANGAR पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O MUKESH DHANGAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**MALMA BIKRINAMA & SAPATH PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17225/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17225
वार्ड का नाम- 62-शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR654D00123** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SAJID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. HAJI SHEIKH USMAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती MUKESH KUMAR DHANGAR पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. GANESH RAM DHANGAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MALMA BIKRINAMA & SAPATH PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर

(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ **गृह निर्माण मंडल द्वारा, दीनदयाल आवास** योजनातंर्गत **खम्हारडीह, रायपुर** में स्थित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-502, ब्लॉक नं-21, (छटवा-तल)** को इस कार्यालय के आबंटन आदेश **क्रमांक 01 दि.25.09.2010** के द्वारा **श्री सतीश कुमार वर्मा पिता स्व. कृष्ण चंद वर्मा,** के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के मद में सम्पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट कि सेलडीड **दि.14.01.2011** को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1661 **दिनांक 03.03.2011** फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी **श्री सतीश कुमार वर्मा पिता स्व. कृष्ण चंद वर्मा** द्वारा **आममुख्यार साक्षी वर्मा पिता श्री सतीश कुमार वर्मा, निवासी: बिलासपुर, टाईम्स के पास, जुनीलाईन, तहसील व जिला बिलासपुर, (छ.ग.)** के द्वारा उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री रोहित अग्रवाल पिता श्री गोविन्द प्रसाद अग्रवाल, निवासी: फ्लैट नं.-303, डाइमंड बी, अशोका रत्न, वीआईपी स्टेट के पास, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय करने के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15687/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 07-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 15687
वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR334A0028A** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **SUNITA YADAV, MEENA YADAV** पिता / पति श्री/श्रीमती.. **MANGAL PRASAD YADAV, KRISHNA YADAV** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री / श्रीमती 1. कृष्णा यादव 2. सुनीता यादव 3. मीना यादव 4. तारण यादव 5. गोवेर्धन यादव 6. ममता यादव पिता / पति श्री/श्रीमती 1. स्व. परदेशी राम यादव 2. स्व. मंगल यादव 3. कृष्णा यादव 4. कृष्णा यादव 5. कृष्णा यादव 6. कृष्णा यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, सहमती पत्र, नजूल आदेश व अन्य दस्तावेज / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर बुधवार 08 जनवरी 2025

एन.एस.एस शिविरो एवं स्कूलों में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)- कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन मे जिला सूरजपुर में युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, सखी वन स्टॉप सेंटर चाईल्ड लाईन की टीम विभिन्न स्कूलों व एन.एस.एस के शिविरों में कार्यक्रम कर सभी को बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बाल विवाह मुक्त छ.ग. एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिला रहे है। सभी बच्चों को गुड टच बैड टच एवं अन्य कानूनों के प्रति जागरूक रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना हाईस्कूल कोट एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल अघिना सलका के ग्रामीण शिविरों मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने कैम्प के स्वयं सेवकों एवं अन्य को किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी और बताया कि बडो के लिए जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है, वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चो संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को गुडटच व बैड टच के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कुछ अंगों पर सिर्फ और सिर्फ हमारा अधिकार होता है उसे कोई टच नहीं कर सकता और यदि कोई गलत ढंग से टच करता है तो वह लैगिंक अपराध से बालको का संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अपराध है। उसकी शिकायत जरूर करें। श्री जायसवाल ने मोटर व्हीकल एक्ट के सम्बन्ध में जानकारी दी उन्होने बताया कि बगैर 18 वर्ष पूर्ण हुए बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाये। पहले उम्र पुरी हो लाईसेन्स बनवायें तब गाडी चलाये घर में अपने अभिभावकों के बिना हेलमेट के गाडी चलाने से मना करें। आये दिन दुर्घटना से काफी जाने जा रही है, उन्होंने बच्चों को सखी वन स्टाप सेंटर एवं उसके पांच प्रकार की सेवाएं, घरेलू हिंसा अधिनियम टोनही प्रताड़ना अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, कुमार श्रम अधिनियम बाल भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध बच्चों को नशा से दूर रहने के उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

लडकियों को बताया की वो किसी से कम नहीं हैं यदि वो ठान ले तो कुछ भी कर सकती है। उन्हाने पूर्व बाली बाल खिलाडी और माउन्ट ऐवरेस्ट फत्तह करने वाले दिव्यांग बालिका अरूणिमा सिन्हा की कहानी बताई और वहा कि अरूणिमा सिन्हा जब ट्रेन की सफर कर रही थी तो कुछ बदमासी ने उसे चलती ट्रेन से ढकेल दिया और उसके पैर काटने पड़े उसके बावजूद उसने दुर्लक्ष माउन्ट एवरेस्ट चढ़ने का निर्णय लिया और जब बछेन्द्री पाल से मिली तो बछेन्द्री पाल ने उसका हौसला बढ़ाया बाद में अरूणिमा ने विश्व की पहली दिव्यांग महिला सिने माउन्ट एवरेस्ट चढ़ने का गौरव प्राप्त किया। इसलिए अपने आप को कमजोर नही मानना चाहिए बल्कि दृढ इच्छा शक्ति के साथ लगन से काम करने से कुछ भी प्राप्त हो सकता है।

कार्यक्रम को जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना चंद्रभूषण मिश्रा ने भी संबोधित किया और उन्होंने एन.एस.एस. के कार्य और उसके परिणाम के सम्बन्ध से सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा देश हित, समाज हित, ओर व्यक्ति हित ही एन.एस.एस. का उद्देश्य है। हम अपने कार्य के माध्यम से आदर्श प्रस्तुत कर सकते है। अपने कार्यों से परिवर्तन भी ला सकते हैं। हमे साफ सफाई, दूसरे की सेवा प्लास्टिक मुक्त भारत, पेड़ पौधे लगाना और बचाना जरूरत मंद को मदद पहुंचा कर भी सेवा की जा सकती है। शा.उ.मा.वि. कोट का कैंप ग्राम चंद्रपुर मे लगा है। जिसमे शिविर के बच्चों के अलावा पूर्व मा.शा. चन्दरपुर एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल चन्दरपुर के छात्र-छात्राएं एवं शा.क.उ.मा.वि. अघिना सलका का शिविर ग्राम खोपा में लगा है। जहाँ शिविर में हाईस्कूल खोपा, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोपा, एवं प्राथमिक शाला खोपा के बच्चे एवं समस्त स्टाफउपस्थित थे। दोनो स्थानो पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना चंद्रभूषण मिश्रा प्रशासिका सखी वन स्टॉप सेंटर श्रीमती विनिता सिन्हा, आउट रीच वर्कर पवन धीवर, कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस. अघिना सलका सुनील चक्रधारी, हाईस्कूल खोपा के वीर सिंह शांडिल्य, हरिलाल एक्का, श्रीमती सीता यादव, पूर्व मा.शा. खोपा के श्रीमती चंद्रकला देवी श्रीमती रम्भा राजवाडे, यशोदा रजवाड़े, पुष्पलता कुजूर, हायर सेकेण्डरी अघिना सलका से श्री दीपक दिल्ली वार पंकज गुप्ता, कविता सिदार नीता खाडे, उपस्थित थे।

सफलता की कहानी : पंचमंदिर आंगन बाड़ी के पोषण वाटिका से मिल रहा है पौष्टिक आहार

वाटिका में लहराया रहा है पालक, मूली, लालभाजी सहित विभिन्न सब्जियां

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर जनपद अन्तर्गत पंच मंदिर आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनिता ठाकुर एवं सहयोगियों द्वारा उन्नत रूप में पोषण वाटिका का विकास किया गया है। इस पोषण वाटिका में विभिन्न प्रकार की सब्जियां आलू, लालभाजी, पालक भाजी, मूली, धनिया, लहसुन, गोभी, सरसों, बैंगन, मसूर आदि का उत्पादन किया जा रहा है। इस पोषण वाटिका से प्रतिदिन बच्चों और महिलाओं को न केवल ताजी बल्कि पौष्टिकता से भरपूर सब्जियां मिल रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अनिता ने बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में उनके और उनकी पुत्री तथा सहयोगियों द्वारा पोषण वाटिका का विकास किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र में 6 महीने से 3 वर्ष के 42 बच्चे, 3 से 6 वर्ष के 24 बच्चे, 7 गर्भवती महिलाएं और 5 शिशुवती महिलाए पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन उनके द्वारा बच्चों को सलाद, ताजी हरी सब्जी भोजन के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका से पौष्टिक आहार लेने से बच्चे न केवल भोजन बेहद रुचि से ग्रहण करते है बल्कि उनके शरीर पर भी भोजन का बेहद अच्छा प्रभाव पड़ता है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अनिता ठाकुर ने बताया कि वे 3 से 6 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण वाटिका के पौष्टिक तत्वों से युक्त सब्जियों का लाभ प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों का देख रेख किया जाता है। उनके पढ़ाई लिखाई और खेलकूद पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता है।

पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेत्री दीप्ति ने स्वाई ने महाप्रबंधक से मांगा डी ए वी स्कूल के लिए मांगा डोम शेड

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व)-महिला पार्षद एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने एसईसीएल महाप्रबंधक को सोपा ज्ञापन, डीएवी के लिए मांगा डोम शेड।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर पार्षद एवं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने एसईसीएल महाप्रबंधक अजय तिवारी को ज्ञापन सौंप कर डीएवि पब्लिक स्कूल के प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के बिल्डिंग के मध्य खाली पड़े जगह पर डोम नुमा शेड निर्माण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त शेड नुमा डोम बनाने से छोटे बच्चों को हर मौसम में प्रार्थना एवं खेलकूद के लिए उपयोगी साबित होगा, साथ ही बच्चों को लेने आने वाले अभिभावकों के लिए भी प्रतीक्षालय की तरह उपयोग में आएगा एवं विद्यालय का आकर्षण भी बढ़ेगा। इस मांग को महाप्रबंधक द्वारा भी उचित माना गया एवं 2025/26 के बजट में शामिल कर निर्माण कराए जाने की बात कही गई है!

पीएम श्री विद्यालय भटगांव में न्योता भोज का किया गया आयोजन

सूरजपुर(विश्व परिवार)। पीएमश्री विद्यालय भटगांव मे श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े और श्री कमलेश सिंह के द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया और बच्चो के लिए पोस्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पीएमश्री के बच्चों के साथ स्वादिस्ट भोजन का आनंद लिया तथा इस आयोजन की सराहना किए। न्योता भोज मे अथितियों और बच्चो ने एक साथ बैठ कर भोजन किया। न्योता भोज मे बच्चों के साथ भटगांव तहसीलदार श्री शिवनारायण राठिया, नगर पंचायत भटगांव सीएमओ राजेश कुशवाहा, इंजीनियर नीतिश गुप्ता, कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पुष्पा खलखो, अफरोज खान, पीएमश्री विद्यालय की प्रधान पठिका कौशल्या देवी, डॉ तुलेश्वर राजवाड़े, टेम नारायण राजवाड़े, शिक्षक गायत्री मिश्रा, बाबूलाल, दीपक सोनी, विजय गुप्ता, हरकेश जायसवाल, तेज कुमार लकड़ा, अरविन्द विश्वकर्मा, सत्येंद्र गुप्ता, नेहा सिन्हा, संध्या पाटनवर, माधुरी मिंज, ललिता जायसवाल, दीपिका पैकरा, संगीता भक्त, खुशबू अंबष्ट सहित पलकों ने स्वादिस्ट भोजन का लुफ्त उठाया।

फार्मर रजिस्ट्री योजना के लिए ऑडिटोरियम में आयोजित की गई कार्यशाला

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-आज कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन व अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में शासन के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वय वंदना योजना , मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत एफएमडीपी योजना,कृषि विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री योजना के लिए कार्यशाला एवं बैठक ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था।इस कार्यशाला में लगभग 300 वीएलई शामिल हुए थे। जिसे अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए । इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग डीपीएम श्री डॉ प्रिंस जायसवाल एवं आयुष्मान प्रभारी श्री नसीम,मत्स्य विभाग से श्री एम.एस. सोनवानी,कृषि विभाग से श्री भार्या सर,सीएससी डीएम श्री एन.डी.तिवारी एवं आयोजनकर्ता ईडीएम श्री सुमित सिंह उपस्थित थे ।

डीएवी स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन

एसपी प्रशांत कुमार ने छात्राओं को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

गोपाल सिंह विद्रोही

विश्रामपुर दैनिक (अमर स्तंभ न्यूज)-यातायात विभाग सूरजपुर के तत्वावधान में सड़क पर वाहनों को ध्यान से चलाने एवं जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में 'यातायात जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर प्रशांत कुमार ठाकुर पुलिस अधीक्षक , एफ कुजुर , टी आई यातायात विभाग गौशाला परिवार ने स्वागत किया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने अपने उद्बोधन में सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, दुपहिया वाहनों में दो से अधिक व्यक्ति को नहीं बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने, सही दिशा में वाहन चलाने, गति सीमा का ध्यान रखने, सीट बेल्ट बांधने, यातायात नियमों का गंभीरता पूर्वक पालन करने आदि महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि दो मिनट की देरी, जिंदगी से बड़ी नहीं है।

विद्यालय प्राचार्य श्री एच के पाठक जी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार ज्ञापित किया और कहा कि सभी विद्यार्थियों को स्वयं सतर्क होकर यातायात के नियमों का पालन करने एवं पूरी सावधानी बरतने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं, चोटों और मौतों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है इसलिए सड़क सुरक्षा के मुद्दों के बारे में जागरूक होना नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक श्री एल के दास ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

सर्राफा व्यवसायी की घर में घुसकर हत्या

कोरबा(विश्व परिवार) । छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक बड़े सर्राफा व्यवसायी की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इस मामले में बड़ी लूट की आशंका भी जताई जा रही है। कोरबा शहर के नया ट्रांसपोर्ट नगर से लगे लालू राम कॉलोनी में बीती रात 9.30 बजे से 10 बजे के बीच यह घटना हुई। उस समय सर्राफा व्यवसायी गोपाल राय सोनी 65 वर्ष और उनकी पत्नी जो गंभीर रूप से बीमार हैं और बेडरेस्ट पर हैं, ही घर पर थे। उनका एक पुत्र करीब 9, 15 बजे दुकान से घर आकर 9,30 बजे किसी काम से बाहर गया। रात 10 बजे वह घर वापस आया तो उसके पिता खून से लथपथ हालत में ड्राइंग रूम में फर्श पर पड़े हुए थे। रम में चारों ओर खून ही खून बिखरा पड़ा था। वह चीखते हुए घर के बाहर निकल और घर के ठीक सामने स्थित ब्लू डायमंड हॉटल के गार्ड को सूचना दी। उसने कुछ अन्य करीबी लॉगिन को फोन किया और गंभीर रूप से घायल गोपाल राय को लेकर निजी अस्पताल ले गया, जहां परिक्षण के बाद गोपाल राय को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना में जहां सराफा व्यवसायी की मौत हो गई है, वहीं किसी बड़ी लूट की आशंका भी है। अपराधी घटना के बाद व्यवसायी की घर के गैरेज में खड़ी उनकी क्रेटा कार (क्रमांक जेएच 01 सीसी 4455, सफेद रंग) को लूटकर फरार हो गए हैं। इस घटना की खबर आम होते है शहर में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए अलर्ट जारी कर जिले में चैतरफा घेरा बन्दी कर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि घर में घुसकर हत्या की गयी है। बदमाशों ने घर से क्या लूटपाट किया है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। क्षेत्र में नाकेबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एसपी ने बताया कि हत्या किन कारणों से हुआ ? हत्या के पीछ लूट मकसद था या फिर किसी अन्य मकसद से हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया ? इन सारे बिंदुओं पर इन्वेस्टीगेशन किया जा रहा है। बता दे की पुराने कोरबा मे संचालित सिल्वर सेंटर के संचालक और मृतक के जीजा की हत्या कर बेग मे रखे सोने चांदी को लेकर फरार हो गए थे सिल्वर सेंटर से उनके मकान की दुरी मात्र 100 मीटर थी सिल्वर सेंटर के संचालक दुकान बंदकर अपने घर की और जा रहे थे की रास्ते मे लुटेरे संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी और बेग लेकर फरार हो गए थे हत्या का वक्त उस समय भी कामोंबेश यही था उसके बाद जीजा का काम सँभालने मृतक गोपाल सोनी कोरबा आये थे चुंकि हत्या के वक्त बच्चे नाबालिग थे इस लिए गोपाल राय कोरबा आकर सिल्वर सेंटर को सँभालने लगे धीरे धीरे बच्चे बालिग हुए तब मृतक गोपाल राय अपनी अलग दुकान अमृता जवेलर्स का संचालन करने लगे।

ओवरलोड गाड़ियों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

कबीरधाम(विश्व परिवार)। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो की टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए अभी तक पाँच ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान कुल 2,21,649 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। इसमें एक गाड़ी पर ई-चालान के माध्यम से 35,300 रूपए का जुर्माना लगाया गया। डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि ओवरलोड गाड़ियां न केवल सड़कों की संरचना को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ाती हैं। यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो की टीम ने इस कार्रवाई के दौरान पाँच ओवरलोड गाड़ियों पर जुर्माना लगाया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफ इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर यातायात को सुरक्षित बनाना और दुर्घटनाओं को रोकना है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कदम उठाए जा रहे हैं, और यह अभियान जिले में निरंतर जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने इस अभियान में तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए ई-चालान प्रणाली के माध्यम से जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया है। यह प्रयास जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा नियमों को लागू करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़कों को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर बुधवार 08 जनवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय नई लकीर खींचने की कोशिश में जुटे मोहन

उमेश चतुर्वेदी

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है। बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही

नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है, यह कि मध्य प्रदेश समृद्ध हो, संपन्न हो और अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के साथ आगे बढ़ता रहे। मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है। मोहन यादव कहते हैं कि कंस वध के बाद मथुरा से चलकर कृष्ण उज्जैन आए। यहां उन्होंने शिक्षा ली। 'श्रीकृष्ण पाथेय' के तहत उज्जैन को मथुरा से जोड़ने की योजना है। इस पथ पर तीन राज्य हैं। कृष्ण उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। श्रीकृष्ण पाथेय करीब साढ़े छह सौ किलोमीटर का होगा। इस पाथेय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मोहन यादव की बात हो चुकी है। यह संयोग ही है कि भजनलाल और मोहन यादव ने तकरीबन साथ-साथ अपने-अपने राज्यों में कमान संभाली थी। मोहन यादव की योजना है कि इस पाथेय को गुजरात के द्वारका तक बढ़ाया जाए। इस सिलसिले में गुजरात सरकार से भी मध्य प्रदेश की बातचीत चल रही है। श्रीकृष्ण पाथेय सही मायने में सांस्कृतिक पथ होगा। मोहन यादव कहते हैं कि लोकजागरण भी उनकी जिम्मेदारी है। इस पाथेय के जरिए दुनिया को दो संदेश देने की कोशिश होगी, पहला शिक्षा का संदेश और दूसरा अमीर-गरीब की मित्रता का संदेश। समाज को जोड़ने में शिक्षा और मित्रता का योगदान अनमोल है। इस पाथेय पर श्रीकृष्ण जहां-जहां रूके, उन-उन जगहों, तीर्थों को विकसित करने और पाथेय पर हस्तशिल्प कलस्टर को बनाने की तैयारी है। इससे जहां पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मध्य प्रदेश सरकार साल 2024 में लाड़ली बहना योजना पर 9 हजार 455 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की है। जिसका फायदा राज्य की एक करोड़ 29 लाख महिलाओं को मिला है। बेशक ऐसी योजनाएं सरकारों के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं, लेकिन एक वर्ग के निशाने पर भी ये योजनाएं हैं। मोहन यादव को भी पता है कि ऐसी कल्याणकारी योजनाओं को लंबे समय तक चलाना तभी संभव होगा, जब राज्य की आर्थिक सेहत अच्छी हो। इसलिए राज्य में इन्वेस्टर समिट किए जा गए। राज्य स्तर पर सातवां निवेशक सम्मेलन फरवरी 2025 में होना है। ये सम्मेलन संभागीय स्तर पर भी आयोजित किए जाते रहे। इन सम्मेलनों से अब तक राज्य को चार लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिल चुका है। जिसे और बढ़ाने की तैयारी है। पर्यावरण संकट झेल रही दुनिया में भारत के कई राज्यों पर कार्बन रेटिंग ठीक करने का दबाव है। लेकिन उनके पास जंगल लायक जमीन नहीं है। मोहन यादव उन राज्यों के लिए कैप्टिव योजना लाने जा रहे हैं। जिसे कान्हा वन, वृंदावन योजना नाम दिया गया है। इसके तहत कार्बन रेटिंग ठीक करने की चाहत रखने वाला राज्य मध्य प्रदेश में लीज पर जमीन ले सकता है और यहां जंगल लगा सकता है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इससे जहां दूसरे राज्यों की कार्बन रेटिंग सुधरेगी, वहीं मध्य प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ेगा। जिससे मध्य प्रदेश का पर्यावरण भी बेहतर होगा। कृषि विकास दर के लिहाज से मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। मोहन यादव ऐसी योजनाएं ला रहे हैं, जिससे किसानों की आय और बढ़े और राज्य की आर्थिक सेहत भी दुरूस्त हो। इस लिहाज से दुग्ध उत्पादन और बागवानी पर जोर दिया जा रहा है। देश के दुग्ध उत्पादन में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत है, योजना है कि इसे बढ़ाकर बीस प्रतिशत किया जाए। किसी भी राज्य के कृषि विकास में उस राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में हो रही पढ़ाई और शोध का बहुत योगदान होता है। मोहन यादव इसे समझते हैं, इसीलिए राज्य के सभी 16 विश्वविद्यालयों में कृषि विभाग शुरू किए गए हैं। राज्य में कपास का उत्पादन भी खूब होता है। मोहन यादव सरकार चाहती है कि मध्य प्रदेश की कपास से राज्य में ही कपड़े का उत्पादन हो, इसके लिए योजना लाई गई है। मध्य प्रदेश की कपड़ा मिलों में महिलाओं को नौकरी मिले, इसके लिए प्रति महिला पांच हजार रूपए महीने उत्पादक को सब्सिडी देने की तैयारी है। इसी तरह राज्य के प्रमुख शहरों, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रीवां समेत सात जगहों पर आईटी पार्क स्थापित करने की तैयारी है। युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए राज्य में 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोले जा रहे हैं। शासन में फिजूलखर्ची रोकने की योजना भी बनाई गई है। इसके तहत स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा जैसे अलग विभागों को एकीकृत कर दिया गया है। राज्य के प्रशासन में जहां भी जरूरी होगा, उन्हें संतुलित करने, विभागों को एक साथ लाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार थानों का परिसीमन सफलतापूर्वक कर चुकी है, इसी तर्ज पर प्रशासनिक परिसीमन की भी तैयारी है। इसी तरह अफसर-कर्मचारी अनुपात को भी तर्कसंगत करने की तैयारी है। मोहन यादव कहते हैं कि सरकारी तंत्र पर खर्च होने वाला हर पैसा नागरिक का होता है और उसका दुरूपयोग नहीं होने दिया जाएगा। मोहन यादव सरकार एक और अनूठी योजना लेकर आई है। मध्य प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

भारत के सामने नई कूटनीति चुनौती....

बांग्लादेश के अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है। अभी तक बांग्लादेश से भारत के लिए आई चुनौतियां वहां साढ़े चार महीने पहले बने माहौल से संबंधित थीं। मगर अब इसने ठोस कूटनीतिक रूप ले लिया है। भारत सरकार के सामने यह नई कूटनीति चुनौती है। इसका रूप बहुआयामी है। बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद पर मानवता के खिलाफ अपराधों के मुकदमे के सिलसिले में वारंट जारी किया। उसका अनुपालन करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को कूटनीतिक पत्र भेज कर शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। चूंकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है, इसलिए भारत सरकार के लिए इस अनुरोध पत्र को ठुकराना आसान फैसला नहीं होगा। हालांकि उस संधि में राजनीतिक प्रकार के मामलों में अनुरोध ठुकराने का प्रावधान है और बेशक शेख हसीना का मामला सियासी है, परंतु वैसे कदम का बांग्लादेश से संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पहले ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को अधिक महत्त्व दे रही है। पिछले हफ्ते काहिरा में डी-8 ग्रुप की बैठक के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिले। इसमें खास बात यह रही कि शरीफ ने बांग्लादेश से रणनीतिक संबंध बनाने का इरादा जाहिर किया, वहीं युनूस ने बांग्लादेश की पुरानी मांग छोड़ दी कि ऐसा होने के पहले बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय किए अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए पाकिस्तान माफी मांगे। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देश पहले ही राजी हो चुके हैं। बांग्लादेश का इस तरह पाकिस्तान से जुड़ना कतई भारत के हित में नहीं है। इससे 1971 के पहले जैसी स्थितियां बन जाएंगी। इसलिए बांग्लादेश के नए अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार अगर शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है।

आलेख

देश के दुलारे सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी

संदीप जोशी

वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेशजी जनमानस के आत्मविकास में लगे हुए हैं। भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं। नया साल नई संभावनाएं लिए आता है। समय कैसा भी रहे अपन समाज के प्रति अपनी आशा तो बनाए रख ही सकते हैं। समाज से संवाद तो चलाया जा ही सकता है। समाज से ही निकले सभ्य-सुशील लोग नयी समय-समझ गढने में भी लगते हैं। उनके नए संवाद से भी समाज की समझ बनती-बढ़ती है। इसलिए आशा है समाज में श्रद्धा, सौहार्द और विवेक का माहौल बने। भौतिक विकास के साथ आत्मिक विकास भी हो। वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेश जी जनमानस के आत्मविकास में लगे देखे जा सकते हैं। किसी का भी अस्तित्व तो उसकी सच्ची आस्था के आत्मविश्वास से ही प्रकट होता है। वही आस्था जो हमारे जीवन के अर्थ व हमारे रोजमर्रा के कामों से प्रदर्शित होती है। और फिर हमारे वही अर्थपूर्ण कामकाज ही हमें प्रतिष्ठित व लोकप्रिय बनाते है। मगर आकार से न हमारा अस्तित्व तय होता है न ही संख्या से हमारी सार्थकता। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं। इसलिए सारे देश में इंद्रेश जी, इंद्रईश दुलारे हो गए हैं। पिछले दिनों इन्द्रेश जी ने चंडीगढ़ में वृंदावन प्रकट उत्सव मनाया। वृंदावन का महिमामृत व भाव कहा व गाकर सुनाया। चंडीगढ़ के ही लोकप्रिय गायक-संगीतकार बी-प्राक ने इन्द्रेश जी को रस, रास और राग के महात्म्य के लिए बुलाया था। वृंदावन प्रकृति-प्रेम का प्रतीक है तो कुरुक्षेत्र गीता-ज्ञान का रणक्षेत्र। उसी से लगे चंडीगढ़ में इन्द्रेश जी वृंदावन के राधाकृष्ण प्रेम को उत्सव रूप में प्रकट कर रहे थे। अपने रसमय भागवत प्रेम के कथा-पाठ के साथ रागमय संगीत रच रहे थे। इन्द्रेश जी परंपरा से प्राप्त कृष्ण-प्रेम को नए युवाओं के लिए नवोदित चिंतन प्रदान करने में लगे हैं। बृज की सरसता से देश में समरसता जगाने में लगे हैं। भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। दिखने में पुरुषत्व सुंदरता लिए, इंद्रेश जी की वाणी सुर में सुरीली, राग में लचीली व भाव से भरी है। काले-घने लहराते केश से घिरा, नीचे साफ-चौड़ा माथा है। उनके चौड़े माथे पर सीधा चलता लाल तिलक उनके स्वरूप को कांति देता है। उनकी जुल्फों से नीचे निकलती लंबी कलम कान को खास आकार और चेहरे को साकार करती हैं। हंसमुख होंठ व गोल-गोल गाल कहने-सुनने के लिए आकर्षित करते हैं। उनकी कटीली भौंह उनकी प्रकाशमय आंखों को चमत्कर्ष बना देते हैं। एक ही कान में मोती उनको आज के युवा-युवती से जोड़ता है। लेकिन इंद्रेश जी के चेहरे में सबसे आकर्षित करने वाली तो उनकी भावमय, रसमय आंखें ही हैं जो अनकहा भी कह जाती हैं। यानी कूल मिला कर एक व्यक्तित्व जो कला में श्रेष्ठ, गायन में सुरीला और रूप में सुखमय निखर कर आता है। राग व अनुराग से भरा पूरा चरित्र। इन सब चेहरे के चित्र से अलग इंद्रेश जी का चरित्र उनके क्रिकेट प्रेम से भी झलकता है। युवाओं के खेल प्रेम से उन्हें जोड़ता भी है। भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच श्रृंखला का कानपुर टेस्ट देखने उनको ग्रीन पार्क मैदान पर भी ले जाता है। मानव कल्याण, जीव कल्याण व गऊ कल्याण का पाठ पढ़ाते हुए इंद्रेश जी जीवन को युवाओं के लिए आनंद का खेल बना देते हैं। और चंडीगढ़ में सुहावनी सुंदर संगत जमा देते हैं। भारतीयों में आज अगर थोड़ा सा भी कुछ सनातन बचा है तो उसे भी जगाते हैं। जिसको देखा-सुना नहीं उसके प्रति प्रेम भक्ति जगाते हैं। सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी जैसे ही पंथनिष्ठ कथा-संतों से सजती है।

कांग्रेस को कार्यशैली बदलने की जरुरत

अजीत द्विवेदी

नए साल 2025 को कांग्रेस ने संगठन में बदलाव और मजबूती वाला साल कहा है। कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विशेष बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि नए साल में कांग्रेस संगठन में बदलाव करेगी और उसे मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। इसका एक प्रत्यक्ष अर्थ तो यह दिखाई देता है कि कांग्रेस अध्यक्ष को कहीं न कहीं इस बात का अंदाजा है कि कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं है और लगातार हो रही चुनावी हार के पीछे यह एक कारण है। अगर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करती है तो यह लोकतंत्र के लिए भी अच्छा होगा। परंतु सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने किस तरह के बदलाव की बात की और संगठन को मजबूत करने के लिए किस तरह की पहल की योजना उनके पास है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि संगठन में बदलाव का शाब्दिक अर्थ तो यह है कि नए चेहरे लाना और नए लोगों को जिम्मेदारी देना। लेकिन कांग्रेस संगठन की समस्या यह नहीं है। सिर्फ चेहरे बदल देने से कांग्रेस के संगठन में मजबूती नहीं आने वाली है। मजबूती के लिए चेहरों के साथ साथ पूरी कार्यशैली को बदलने की जरुरत होगी। क्या कांग्रेस उसके लिए तैयार है? अगर शाब्दिक अर्थों में कांग्रेस के संगठन में बदलाव की बात करें तो वह भी बहुत जरूरी है क्योंकि मोटे तौर पर कांग्रेस का संगठन, खासकर प्रदेशों में बहुत कमजोर है या है ही नहीं। यह सचमुच हैरान करने वाली बात है कि कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन ही नहीं है। जैसे ओडिशा में छह महीने से कांग्रेस कमेटी नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जुलाई में ओडिशा की प्रदेश कमेटी भंग कर दी थी। इसके तीन महीने बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणदास महंत की अध्यक्षता में ओडिशा में कांग्रेस नेतृत्व व संगठन की मजबूती के बारे में सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनी थी। अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं आई है। सो, छह महीने से ओडिशा में संगठन नहीं है। इसी तरह नवंबर के पहले हफ्ते में यानी दो महीने पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक की सारी कमेटियां भंग कर दी गईं। इसके एक महीने बाद यानी दिसंबर में उत्तर प्रदेश में प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक की कमेटियां भंग कर दी गईं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र व हरियाणा में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग करने की बात चली है। इतना ही नहीं बिहार में करीब दो साल से प्रदेश कमेटी का गठन ही नहीं हुआ है। सितंबर में शुभंकर सरकार पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष बने लेकिन उनकी भी कमेटी नहीं बन पाई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अध्यक्ष बने केशव महतो कमलेश भी अपनी कमेटी नहीं बना पाए हैं। सो, बदलाव का एक मतलब तो यह है कि जिन राज्यों में संगठन भंग कर दिया गया है वहां नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक कांग्रेस कमेटियों का गठन हो। दूसरा मतलब यह है कि जिन राज्यों में अध्यक्ष बन गए हैं लेकिन महीनों से उनकी कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है वहां नई कमेटियों का गठन किया जाए और तीसरा अर्थ यह है कि जिन राज्यों में कांग्रेस हाल में हारी है वहां अगर बदलाव करना है तो वह जल्दी हो ताकि पार्टी का संगठन काम शुरू कर सके। कुछ राज्यों में कांग्रेस को संगठन के साथ साथ और भी फैसले करने हैं। जैसे कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र में विधायक दल के नेता का नाम तय नहीं किया है। सोचें, पार्टी चुनाव हार गई या अनुकूल फैसला नहीं आया तो विधायक दल का नेता ही तय नहीं करेंगे? अगर बदलाव के शाब्दिक अर्थ से अलग हट कर देखेंगे तो कांग्रेस को संगठन की मजबूती के लिए बहुत कुछ करना है। सिर्फ नए अध्यक्ष बना देने या नई कमेटियों का गठन कर देने से कांग्रेस का काम नहीं चलने वाला है। उसे संगठन की कार्यशैली में आमूलचूल बदलाव की जरुरत है। मल्लिकार्जुन खडगे ने बेलगावी अधिवेशन में इसी तरफ इशारा किया। लेकिन क्या वे इस तरह का बदलाव करने में सक्षम हैं? क्या कांग्रेस अध्यक्ष खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस के पुराने और मजबूत नेताओं को नाराज करने का जोखिम लेकर संगठन को नया स्वरूप दे सकते हैं? असल में कांग्रेस सत्तारूढ़ दल की कार्य संस्कृति के दुष्चक्र में फंस गई है, जिसे प्रतीकित करने वाले सूत्र वाक्य कांग्रेस की एक महिला नेत्री ने कहा था, जो अब पार्टी छोड़ कर चली गई हैं। उन्होंने कहा था कि, %कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है'। यही कारण है कि कांग्रेस कभी विपक्ष की पार्टी के तौर पर प्रभावी तरीके से काम नहीं कर पाती है। केंद्र से लेकर प्रदेश और जिला स्तर तक के नेता यह मानते हैं कि सत्ता उनका अधिकार है और अभी जो लोग सत्ता में हैं उनको राज करना नहीं आता है। वे अपनी गलतियों के चलते सत्ता से विदा हो जाएंगे और तब कांग्रेस को सत्ता मिल जाएगी। इस मानसिकता की वजह से कांग्रेस अपने संगठन को सड़क पर उतर कर सत्तापक्ष से लडने वाली मजबूती नहीं दे पाती है। संगठन के मामले में कांग्रेस की दूसरी कमजोरी यह है कि उसके शीर्ष नेताओं का पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रदेश, जिला व प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों से संवाद खत्म हो गया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश की रिपोर्ट सिर्फ प्रभारी महासचिव से लेता है और ज्यादा से ज्यादा प्रदेश अध्यक्ष से बात करता है।

दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

ललित गर्ग

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रतर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफें, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है। 'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की

लागत अंतत: मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/धर्म समाज/देश
रायपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

राज्य सरकार द्वारा नांदणी जैन मठ को 'अ' वर्ग तीर्थक्षेत्र दर्जा देने के लिये विशेष प्रयत्न करेंगे : देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने नांदणी पंचकल्याण महोत्सव में किया संबोधित

नांदणी/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र जी फडणवीस आज नांदणी पंचकल्याण महोत्सव में संबोधित करते हुए कहा कि सभी उपस्थित राजकीय अतिथी और लोकप्रतिनिधी मिलकर राज्य सरकार द्वारा नांदणी मठ को %अ %वर्ग तीर्थक्षेत्र दर्जा देने के लिये विशेष प्रयत्न करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र जी फडणवीस जी ने सभी को संबोधित करते हुए प्रारंभ में सभी को जय जिनेंद्र कहकर संबोधित किया।

आमदार राजेंद्रजी यड्रावकर और मा. आमदार राहुल आवाडे जी के विशेष प्रयत्न से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्रजी फडणवीस आज नांदणी पंचकल्याण महोत्सव में पधारे थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्रजी फडणवीस आज नांदणी पंचकल्याण महोत्सव में आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर महाराज संसघ एवं नांदणी के जिनसेन भट्टारक महास्वामीजी का आशीर्वाद लिया। सकल जैन समाज और स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक महास्वामीजी संस्थान मठ द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्रजी फडणवीस जी को प्रजागर्क पदवी आज नांदणी पंचकल्याणक में प्रदान की गयी।

आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर महाराज संसघ एवं नांदणी के जिनसेन भट्टारक महास्वामीजी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्रजी फडणीस जी को आशीर्वाद दिया। आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी द्वारा लिखित वस्तुत्व महाकाव्य कृती के प्रतिकृती का महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्रजी फडणीस जी द्वारा विमोचन किया।

कैबिनेट मंत्री हसनसो मुश्रीफ जी, कॅबिनेट मंत्री मा. प्रकाशजी आबिटकर, मा. अशोकरावजी माने, माजी आमदार प्रकाश आवाडे, आमदार अमल महाडिक जी, मा. आमदार सुरेश खाडे जी, माजी खासदार राजू शेट्टी साहेब, माजी खासदार श्रीमती निवेदीता माने जी, माजी आमदार सुरेश रावजी हाळवणकर, मा. उत्तम पाटील, दक्षिण भारत जैन सभा के अध्यक्ष भालचंद्र जी पाटील, रावसाहेब जी पाटील, मा. महावीर गाट, मा. ललित गांधी जी, जिल्हाधिकारी अमोल येडगे जी, नांदणी पंचकल्याण महोत्सव के कार्याध्यक्ष मा. सागर संभूशेटे जी, मा. अरुण यलगूद्री जी, मा. किशोरी आवाडे जी, मा. स्वरूपा यड्रावकर जी आदि मान्यवर कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक नांदणी 2025 के छटे दिन वीर सेवा दल के 403 स्वयं सेवक सेवायोगदान दे रहे हैं। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक नांदणी के लिए आज सोमवार दि. 06/01/25 को नांदणी मठ में वीर सेवा दल तिळवणी, शिरटी, हसुर, कोथळी, शहापूर, शिरोळ, जैनापुर, क॥ सांगाव, कोंडीग्रे, चिंचवाड (माळभाग), चिंचवाड, यड्राव, दानोळी, आलास इन गाव के स्वयंसेवक सेवायोगदान दे रहे हैं। इसके आलावा कर्नाटक विभाग के निवासी 110 स्वयंसेवक ने त्यागी विभाग और अन्य जगह सेवायोगदान दे रहे हैं। सभी स वीरसैनिकों का विशेष आभार।

-अभिषेक अशोक पाटील

संसार के सारे संयोग वियोग कर्म के आधीन है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी

इंदौर (विश्व परिवार)। संसार के सारे संयोग वियोग कर्म के आधीन है, जो घट रहा है, जब वह मेरे हाथ में ही नहीं तो अनावश्यक संकल्प विकल्प करने से कुछ भी हांसिल होंने बाला नहीं, इसका रिमोट जब कर्म के हाथ में है, तो इसे स्वीकार करने के अलावा और कोई उपाय नहीं, कर्म किसी को मनाता नहीं सबसेअपनी मनबाता है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने रामचंद्र नगर के आदिनाथ बाग में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि कर्म से यदि मुक्ती पाना है तो इसे सहज भाव से स्वीकार करो मुनि श्री ने कहा यदि परिणामों में आकुलता का अभाव हो गया तो सहजता और सरलता आ जाऐगी फिर कोई आपको अप्रसन्न नहीं कर पायेगा उन्होंने मन को राजी करने के उपाय बताते हुये कहा कि विपरीत समय पर सही समझ विकसित कीजिये उन्होंने कहा कि जबआपको अपना जन्म स्थान पसंद का नहीं मिला जो जन्म दाता पसंद के नही मिले जैसा शरीर मिला उसको सहज स्वीकार कर लिया तो यह संयोग वियोग कर्मजन्य है उनको भी स्वीकार कर लोगे तो आप सहज और प्रसन्न नजर आओगे। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि मेरे संपर्क में एक व्यक्ति है जो प्रारंभ से ही जुड़ा हुआ है उसने माता पिता के आग्रह पर ग्रहस्थ मार्ग चुना और संयोग से उसकी धर्मपत्नी उसके एकदम विपरीत उज्जड एवं कर्कषा स्वभाव की है। भाईओं ने उसके हिस्से की संपत्ति हड़प ली फिर भी वह अपने आपको हमेशा सहज और प्रसन्न रखता है मेंने उससे पूंछा कि इतनी विपरीत परिस्थितियों में तुम प्रसन्न और सहज कैसे रह लेते हो? तो उसने जो जबाव दिया कहा महाराज जी आप लोगों के उपदेश से ही मेंने अपने आपको सम्हाला है मुझे यह सब कर्मजनित संयोग मिले है इनको स्वीकार करने के अलावा मेरे सामने और कोई रास्ता नहीं पहले मुझे भी बुरा लगता था लेकिन अब तो रोज रोज की ही यह बात है, मेंने कर्म से समझौता कर लिया है। दूसरा उदाहरण मुनि श्री ने सब्जी बेचने बाली महिला का दिया अचानक उसका इकलौता जबान बेटा चल बसा उसने तीसरे दिन जब अपनी रेबड़ी लगाई और जब वही प्रसन्न भाव से उसने सब्जी बेचना प्रारंभ किया तो लोगों को आश्चर्य हुआ कि कल ही तो इसका जबान बेटा मरा है फिर भी देखो कितनी निश्चिंत एवं प्रसन्न लग रही है। लोग उसके पास संवेदना प्रकट करने आऐ और पूंछा इतनी विषम परिस्थितियों में भी आप इतनी खुश कैसै? तो उसने जो जबाव दिया कि मेरा और मेरे बेटे का इतने ही दिन का साथ था वह तो चला गया मुझे अपनी जीविका भी चलाना पड़ेगी। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेगसागर महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक मंचासीन थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य श्री के चित्र पर धर्म प्रभावना समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया एवं मुनिसंघ को शास्त्र भेंट किये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोकरानी डोसी, मुकेश विजय पाटौदी, महामंत्री हर्ष जैन, नवीन आनंद गोधा, दिलीप गोधा सहित मुनि सेवा से जुड़े विवेक जैन, अक्षय जैन मौनू जैन हरीश जैन दिल्ली सहित बड़ी संख्या में स्मृति नगर, संगम नगर के सदस्य मौजूद थे। **-अविनाश जैन**

संक्षिप्त समाचार

गंदगी फैलाने वाले दो लोगों पर लगाया जुर्माना, निगम की रहेगी नजर, अब रात में मार्केट क्षेत्र में कचरा फेंकने वालों पर करेगी जुर्माना

दुर्ग (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम ।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में आज स्वास्थ्य विभाग टीम अमला द्वारा वार्ड 25 में निरीक्षण किया गया, मौके पर आयुष अमृतुल्य चाय दुकान दार द्वारा झाड़ू मारकर कचरा नाली में डालते पाए जाने पर एक हज़ार दंडशुल्क किया गया साथ ही सख्त चेतावनी दी गयी कि गीला सूखा कचरा हेतु दो डस्टबिन रखे और डोर टू डोर कलेक्शन रिक्शा में डालें ।इस दौरान अमला जांच के मौके पर दुकान दार से पॉलिथीन एवं गंदगी करने पर पांच पांच सौ रुपये अर्थदंड किया गया ।नगर निगम द्वारा अब रात में मार्केट में कचरा फेंकने वालों पर करेगी जुर्माना की कार्यवाही ।स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई पर फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा लगातार शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान चाय दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फैलाए जाने के कारण कार्रवाही की जा रही है। इस मामले में दो दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। प्रत्येक दुकानदार से एक हज़ार एवं पांच सौ रुपये जुर्माना वसूल किया गया ।निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकानदारों सहित आम नागरिकों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिया जा रहा है ।उन्हें सूखा और गीला कचरा भी अलग-अलग कर देने कहा जा रहा है।

शिप्रा एक्सप्रेस एवं प्रयागराज एक्सप्रेस को गुना होकर चलाने की मांग, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रेल मंत्री को पत्र भेजा

राघौगढ़ (विश्व परिवार)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मांग की है कि इंदौर से कोलकाता शिप्रा एक्सप्रेस एवं अंबेडकर नगर मऊ इंदौर से प्रयागराज एक्सप्रेस को गुना होकर चलाया जाए। सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया है श्री दिग्विजय सिंह ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है इंदौर से कोलकाता शिप्रा एक्सप्रेस वर्तमान में भोपाल होकर चलती है इस ट्रेन को सप्ताह में एक दिन मक्सी, ब्यावरा, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, बीना होकर चलाया जाए। इसी प्रकार अंबेडकर नगर महू इंदौर से चलकर प्रयागराज जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन वर्तमान में भोपाल बीना होकर चलती है इस ट्रेन को सप्ताह में दो दिन मक्सी, ब्यावरा, रुठियाई, गुना, अशोकनगर बीना होकर चलाया जाए। आपने जैन समाज की मांग पर कोटा से पटना एक्सप्रेस का ठहराव जैन तीर्थ श्री महावीर जी रेल स्टेशन को घोषित किया जाये ।श्री दिग्विजय सिंह ने एक और पत्र में मांग की है धरनावदा, चौड़ा खेड़ी रेल्वे स्टेशन जो कि कोटा बीना रेल लाइन पर स्थित है यह दोनों स्टेशन गुना जिले में आती हैं। वर्तमान में रेल मंडल कोटा में है इन दोनों स्टेशनों को रेल मंडल भोपाल में सम्मिलित किया जाए। इसी प्रकार कोटा से बीना शांय कालीन मेमू ट्रेन जो वर्तमान में कोटा से अपरान्ह 3:15 बजे चलती है उसका कोटा से छूटने का समय जनहित में शाम 5:15 बजे किया जावे ।आपने यह भी मांग की है कि बीना से नागदा ट्रेन को समय बदलकर प्रात: 4:00 बजे बीना से चलाया जाये।

ग्राम मोहतरा में शा. मिनिमाता कन्या महाविद्यालय का लगा सात दिवसीय रासेयो शिविर

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर समीपस्थ ग्राम मोहतरा मे दिनांक 6 जनवरी से प्रारम्भ हो गया है. शासन के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक इकाई मे सात दिनों के लिए विशेष शिविर किसी भी ग्राम मे लगाना अनिवार्य होता है. तदनुसार मिनिमाता कन्या महाविद्यालय के द्वारा मोहतरा ग्राम का चयन कर शाला परिसर मे शिविर लगाया गया है. इस वर्ष शिविर का लक्ष्य वाक्य % माय भारत डिजिटल साक्षरता के लिए युवा रखा गया है.

14 जनवरी को निर्मित मकान स्थल पर मकान की चाबी प्रदान किया जायेगा

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खम्हरिया एवं जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान-मोर आस घटक के तहत निर्मित मकानो के हितग्राहियो को 14 जनवरी को निर्मित स्थल पर चयनित मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा पूर्व में आबंटित मकान का पूरा पैसा जमा कर दिया गया है, उनको मकान सौंप दिया जायेगा।

निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण करने संबंधित एजेंसी एवं निगम के अभियंता के साथ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्थल पर पहुंचे। निर्माण में फिटिंग एवं फिनिसिंग से संबंधित जो कमियां है, जैसे- नल की टोली, वास बेसिंग, किचन का सिंक, खिड़खी, दरवाजे में जो भी कमी है, उसे 14 जनवरी तक पूर्ण करने को निर्देशित किये। निगम क्षेत्र में पहली बार हो रहा है कि हितग्राहियो को निर्धारित स्थल पर मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। इस संबंध में निगम भिलाई से संबंधित व्यक्तियो को सूचना दे दी गई है। फोन भी किया जा रहा है, जो भी देय राशि है, उसे जमा करने को भी कहा जा रहा है।

चयनित स्थल पर बिजली का सप्लाई मकान तक रहेगा, आबंटित व्यक्ति अपने नाम से मीटर लगवाने के लिए निगम से प्राप्त कब्जा पत्र के साथ विद्युत मीटर लगाने का एनओसी प्रदान की गई है। उसे लेकर नजदीकी विद्युत विभाग में जाकर स्वयं अपने नाम का मीटर लगवाना होगा। इस कार्य में हितग्राही को स्वयं पहल करके अपना काम करना होगा।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

भगवान ऋषभदेव की जन्मभूमि से भगवान ऋषभदेव जन्मकल्याणक पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

अयोध्या (विश्व परिवार)। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव हुआ पारित सरयू नदी तट स्थित जैन धर्म के शाश्वत तीर्थ प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव सहित पांच तीर्थंकरों की जन्म धरा पर परम पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी, आर्यिका चंदनामती माताजी, स्वस्ति श्री रविंद्र कीर्ति महाराज के सानिध्य में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान भगवान ऋषभदेव जन्म कल्याणक पर सार्वजनिक अवकाश की मांग गुंजायमान हुई।

युवा परिषद राजस्थान प्रान्त के संयुक्त महामंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भगवान ऋषभदेव की जन्म धरा अयोध्या से यह मांग प्रमुखता के साथ उठाई जानी चाहिए कि ऋषभदेव अर्थात आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा केंद्र व राज्य सरकार करें। क्योकि भगवान ऋषभदेव ही प्रथम तीर्थंकर थे जिनसे ही जैन धर्म को पहचान मिली यह भ्रांति भी जैनेत्तर समुदाय की दूर हो कि जैन धर्म का प्रादुर्भाव भगवान महावीर स्वामी से हुआ है जबकि भगवान महावीर तो चौबीसवें व अंतिम तीर्थंकर थे। इस पर युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन प्रकाश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री दिलीप जैन जयपुर व राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बिजेंद्र जैन दिल्ली, राष्ट्रीय मुख्य संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय जैन ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि दिगम्बर जैन युवा परिषद इस मांग को प्रमुखता के साथ केंद्र व राज्य सरकार में उठाएगी। सभी ने एक स्वर से कहा कि जैन धर्म को सही पहचान दिलाने के लिए भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण पर सार्वजनिक अवकाश होना ही चाहिए जिसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करना होगा।

राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान युवा परिषद बुलेटिन राष्ट्रीय जैन समाचार पत्र का विमोचन भी प्रमुख अतिथियों व पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि, विवेकानंद जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

रायपुर (विश्व परिवार)। आज भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर जी एवं पूर्व अध्यक्ष श्री जयंती पटेल जी के शंकर नगर आगमन पर सर्वप्रथम विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, फिर श्री पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन करने के पश्चात बीजापुर के कूटरु में आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों को शंकर नगर स्थित अमर जवान उद्यान मे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अकबर अली जी, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य गुंजन प्रजापति जी, पार्षद श्रीमती सुमन राम प्रजापति जी, महेश शर्मा जी, नरेन्द्र निर्मलकर जी, रामदास मानिकपुरी जी, सुशील मंडल जी, आलोक शर्मा जी, शुभम पुराणिक जी, कैलाश बेहरा जी, खेमा सागर जी, राजेश तांडी जी, अमित डोये जी, वीरमनी चौबे जी, संभु लोवंशी जी, नितिन श्रीवास्तव जी, अनुप वर्मा जी, अभी जाल जी, सिद्धू बेहरा जी, राम तांडी जी, महेंद्र धनकर जी, श्रवण मिश्रा जी, पीयूष बरड़िया जी, मानवीर शर्मा जी, आशिस असाटी जी, सन्नी प्रजापति जी, डॉक्टर आतिश कपिल जी, शिव दीप जी, सचिन बेहरा जी, शिवानद भारती जी, जतिन भारती जी, कश्यप भारती जी, अभिशेख बेहरा जी, सुजल बेहरा जी, योगेश डोंगरे जी, तुलेश यादव जी, भुवन डोंगरे जी, कृष्ण सेंद्रे जी, साहिल नायक जी, आर्यन खान जी, सिद्धू पात्रे जी, प्रदीप पात्रे जी, अमन बेहरा जी, तुषार सोनी जी, शाहिल नहारकर जी, रेखा सोनी जी, इंदु यादव जी, हरि प्रिया यादव जी, इंद्राणी यादव जी, पार्वती यादव जी, शिखा यादव जी, गीता यादव जी, रेखा मरावी जी, प्राची सोना जी, कुमारी यादव जी, धारा यादव जी, सरोज बाघ जी, ऋत्विक बरडिया जी, सहित बड़ी संख्या में नागरिकागण उपस्थित हुए।

विधायक भावना बोहरा ने 2 करोड़ 62 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

पंडरिया (आरएनएस)। पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार को इंदौरी नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार की लागत से होने वाले कुल 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंगलवार को उन्होंने नगर पंचायत पांडातराई में हाई मास्ट लाइट एवं शेड निर्माण हेतु 34 लाख 5 हजार तथा नगर पालिका परिषद् पंडरिया में कुल 49 लाख 37 हजार की लागत से शेड व आहता निर्माण तथा सांस्कृतिक कला मंच एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस तरह कुल 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

महिलाओं ने मनाया नव वर्ष 2025 मिलन समारोह

नए वर्ष में नवसमाज निर्माण करने का महिलाओं ने लिया संकल्प- बरखा बंटी निहाल

रायपुर (विश्व परिवार)। नया वर्ष 2025 का स्वागत महिलाओं के द्वारा धूमधाम से किया गया सिविल लाइन वार्ड 46 में सैकड़ो महिलाओं ने एकजुट होकर नववर्ष मिलन समारोह 2025 धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने एक दूसरे को गले लगाकर समाज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। सिविल लाइन वार्ड में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए सिविल व लाइन वार्ड की महिला नेत्री मुख्य अतिथि श्रीमती बरखा बंटी निहाल ने कहा नया वर्ष 2025 हमारे लिए एक नया सौगात लेकर आया है नए वर्ष में नए संकल्प लेने की आवश्यकता है समाज और परिवार के अंदर में एक परिवर्तन लाने का समय है हम सब मिलकर नव समाज का निर्माण करेंगे और समाज को एक नई पहचान देंगे। इस अवसर पर वार्ड वासी श्रीमती कुंती महानंद ने कहा बरखा दीदी से हमें बहुत सारी उम्मीदें हैं हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि बरखा दीदी एक जनप्रतिनिधि के रूप में हमेशा की तरह हमारे दुख सुख में खड़े होकर हमारी लड़ाई लड़ेगी और हम लोगों को अपना अधिकार दिलाने का काम करेगी। इस अवसर पर श्रीमती प्रिया विभार ने कहा हमें एकजुट होना पड़ेगा, हम सब बरखा दीदी के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चलेंगे और सिविल लाईन वार्ड के विकास लिए संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती बरखा बंटी निहाल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली से की मुलाकात

रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स द्वारा पारित आदेश की प्रति प्रस्तुत कर चुनाव की कार्यवाही करने का किया निवेदन

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी के नेतृत्व में चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी से मुलाकात की तथा रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स द्वारा चेम्बर के पक्ष में सुनवाई करते हुए चेम्बर संविधान संशोधन को पारित कर आदेश जारी किया है, जिसकी छायाप्रति चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी एवं चुनाव अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा जी के समक्ष प्रस्तुत कर अवलोकन पश्चात् चुनाव की आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, मंत्री-शंकर बजाज एवं कैट के कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अनिल चंद्राकर बने भाजपा के नए जिला अध्यक्ष

चुनाव अधिकारी ने श्रीचंद सुंदरानी ने पार्टी कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच की घोषणा, तालियां और फुलमाला से हुआ स्वागत

गरियाबंद (विश्व परिवार)। भाजपा के नए जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर होगें। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी तथा संगठन सह प्रभारी किशोर महानंद ने जिला अध्यक्ष के रूप में उनके नाम की घोषणा की। जिसके बाद उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने ताली बजाकर उनका जोशीला स्वागत किया। ज्ञात हो कि वर्तमान में वे जिला के महामंत्री रहे है। इसके पहले दो बार जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके है। लंबे समय से निष्ठाभाव से संगठन में काम करने का प्रतिफल उन्हे मिला। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू भी मौजुद थे।

इसके पहले जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लेकर पार्टी कार्यालय में काफी गहमागहमी रही। सुबह से ही कार्यालय में कार्यकर्ताओ की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह 12 बजे चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी जिला कार्यालय पहुँचे। यहां सभाकक्ष में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ की मौजुदगी में उन्होने जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। जैसे ही घोषणा हुई कार्यकर्ताओ ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर का फुलमाला से आत्मीय स्वागत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी। वही कार्यालय के बाहर जमकर बाजे गाजे बजने लगे। ज्ञात हो कि जिले में अध्यक्ष लिए 21 नाम आए थे। रायशुमारी के बाद पांच नाम का पैनल प्रदेश से दिल्ली भेजा गया था। नाम तय होने के बाद आज विधिवत घोषणा की गई।

इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पार्टी संगठन से मुझे बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मैं जिले के सभी पदाधिकारियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मै सबके साथ मिलकर संगठन को नई ऊंचाई तक लेने जाने का प्रयास करूंगा। पार्टी संगठन ने जो विश्वास जताया है उसे पूरे निष्ठा और मेहनत के साथ पूरा करेंगे। आगामी समय में जिले के सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट कर उनकी सक्रियता बढ़ाई जाएगी। पार्टी संगठन को मजबुत करने हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। निकाय में भी सरकार बनायेंगे।

इसके पहले जिला चुनाव प्रभारी श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि प्रदेश ने तय किया था चुनाव आम सहमति और राय शुमारी से संपन्न हो। प्रक्रिया के तहत शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। उन्होने नए जिला अध्यक्ष सहित सभी का आभार जताया। इसके साथ ही विधानसभा और लोकचुनाव के जैसे निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का आव्हान किया। इसके पहले पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित किया। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला संगठन प्रभारी किशोर महानंद, पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक डमरुधर पुजारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश अवस्थी, नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन, वरिष्ठजन कुंजबिहारी बेहरा, रामकुमार साहू, बलदेव हुंदल, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, जीवनएस साहू, मुरलीधर सिन्हा, भीखू भाई मयाणी, अनुप भोसले, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, फारूख चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख, धनराज विश्वकर्मा, शेषनारायण गजभिए, रितेश यादव, प्रतिक सिंह, वंश सिन्हा, अमित वखारिया मनीष सिन्हा सहित कार्यालय में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी।

संक्षिप्त समाचार

नवनियुक्त जिला एवं मंडल अध्यक्ष का दवा विक्रेता संघ ने किया सम्मान

गरियाबंद (विश्व परिवार)। मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और गरियाबंद मण्डल अध्यक्ष सुमीत पारख को दवा विक्रेता संघ ने सम्मानित किया। दवा व्यापारियों ने उन्हे नई जिम्मेदारी मिलने पर स्वागत करते हुए बधाई दी। इस दौरान में जिला दवा संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्रा, सचिव अश्विनी सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमीन मेमन, संगठन सचिव हरीश साहू, सदस्य बलदेव साहू, रवि चंद्राकर, सृजन गुप्ता, डिगेश्वर प्रसाद साहू, टारजन साहू, संतराम साहू उपस्थित थे।

समलैंगिक रूप से रहना चाहती थी युवतियां

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र की आमगांव पहाड़ी पर मिले दो कंकालों की पहचान जागृति विश्वकर्मा और आरती विश्वकर्मा के रूप में हुई है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, दोनों युवतियां समलैंगिक विवाह करना चाहती थीं, लेकिन सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह संभव नहीं हो सका। 23 अक्टूबर से लापता दोनों युवतियों के कपड़ों से उनकी पहचान की गई। पुलिस के अनुसार, दोनों युवतियां पहले भी घर से भागकर एक रिश्तेदार के यहां चली गई थीं। लेकिन उन्हें समझा-बुझाकर घर वापस ले आया गया। इस घटना के बाद 23 अक्टूबर को वे फिर लापता हो गईं। मंगलवार को दुलारदाई डोंगरी जंगल में ग्रामीणों को पेड़ पर लटके दो कंकाल मिले, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। लंबे समय तक शव लटके रहने के कारण वे कंकाल में बदल गए थे। परिजनों और पुलिस का मानना है कि समलैंगिक विवाह न कर पाने की निराशा में दोनों ने एक साथ आत्महत्या कर ली।

माओवादी हमले में नौ जवान शहीद

बीजापुर(विश्व परिवार)। कुटरू बेदरे मार्ग पर अम्बेली नाला के पास माओवादीयों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में 9 जवानों के शहीद होने की सूचना आ रही है। बीजापुर जिले में एक बार फिर माओवादीयों ने बड़ा आईईडी विस्फोट किया है, इस विस्फोट में नौ जवानों के शहीद होने और कुछ जवानों के घायल होने की खबर मिल रही है। शहीद जवानों में 8 डीआरजी के जवान और एक वाहन चालक के शहीद होने की खबर आ रही है। सभी जवान डीआरजी दंतेवाड़ा के बताये जा रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अबूझमाड़ से नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे जवानों की स्कार्पियो वाहन को माओवादीयों ने कुटरू बेदरे मार्ग पर स्थित अबेली नाला के पास विस्फोट कर उड़ा दिया है, इस घटना में 8 डीआरजी के जवान और 1 वाहन चालक शहीद हो गए है है।

गांधी मैदान में हुआ 12 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

रामानुजगंज(विश्व परिवार)। नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में करीब 12 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, रमन अग्रवाल, कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान राम विचार नेताम के द्वारा रामानुजगंज में इंडोर स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा भी की गई। श्री नेताम ने विभिन्न विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर राम विचार नेताम ने कहा कि जब मैं रामानुजगंज में पढ़ाई करता था तब रामानुजगंज नगर पालिका हुआ करता था बाद में यह नगर पंचायत बना। मुझे आप सबके भावनाओं का ख्याल था। आपने मुझे छठवीं बार विधानसभा में भेज जो शक्ति दी उसका मैं आभारी हूं। रामानुजगंज को नगर पालिका बनाने में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का विशेष सहयोग। उन्होंने नगर पालिका बनाने में सहयोग करने के लिए तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं नगर पंचायत के सभी पार्षदों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रमन अग्रवाल ने रामानुजगंज

फोटो को राजनीति छोड़ चौथे स्तंभ को बचाने पहल करे भाजपा सरकार - दीपक बैज

दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिले पीसीसी चीफ दीपक बैज

जगदलपुर(विश्व परिवार)। सियासत और समाज में उत्कृष्ट आचार विचार के लिए पहचाने जाने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सोमवार को बीजापुर पहुंचे। वे दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिजनों से मिले, उन्हें ढाढस बंधया और मुकेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने परिजनों से मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले को लेकर चर्चा की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए दीपक बैज ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को दुखद बताया और इसे लेकर चल रही राजनैतिक बयानबाजी को और भी पीड़ादायक करार दिया। उन्होंने कहा कि फोटो की राजनीति छोड़ भाजपा सरकार स्व. मुकेश चंद्राकर

के परिजनों को मुआवजा दे। दीपक बैज ने कहा कि एक जुझारू और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार की हत्या को भाजपा सरकार बड़े ही हल्के ढंग से ले रही है। ये अच्छी बात है कि चार आरोपी पकड़ लिए गए हैं, यह पुलिस की तत्परता का परिणाम है। भाजपा के लोग इस दुखद हत्याकांड में भी निकृष्ट राजनीति पर उतर आए हैं, तस्वीरों की सियासत कर रहे हैं। तस्वीरें तो राजनेताओं के साथ तरह तरह के लोगों की होती है, मगर सच्चा नेता वही होता है जिसकी तस्वीर लोगों के दिलों में बनी हो। दीपक बैज ने कहा कि लोकतंत्र विरोधी भाजपा के राज में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को ढहाने की कोशिश इस राज्य में चल रही है। सरकार, ठेकेदारों और अफसरशाही के भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाले पत्रकारों की हत्या कराई जा रही है, थानों में बिठाकर मुंह बंद रखने के लिए धमकाया जा रहा है, उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है, प्रताड़ित किया जा रहा है। बस्तर में पत्रकार दोधारी तलवार के साये में काम करने मजबूर हैं। नक्सलियों के खिलाफ कलम चलाते हैं, तो उन्हें नक्सलियों से खतरा रहता है और भ्रष्टाचार के खिलाफ लिखते हैं, तो राजनेता, अफसर और ठेकेदार सितम ढाते हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

नेशनल रिसोर्स पर्सन पीए देवी के द्वारा छिंदगढ़ में दिया प्रशिक्षण

सुकमा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त प्रशिक्षण नेशनल रिसोर्स पर्सन, एनआरएलएम सुश्री पीए देवी के द्वारा 06 जनवरी से 09 जनवरी तक विभिन्न स्थानों में आयोजित किया जाएगा। सोमवार को जनपद पंचायत छिन्दगढ़ के सभाकक्ष में विकास खण्ड छिन्दगढ़ अंतर्गत समस्त विभाग के विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी, समस्त अधीक्षक व अधीक्षिका आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, समस्त संकुल समन्वयक विकासखण्ड छिन्दगढ़ एवं विकासखण्ड छिन्दगढ़ अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यस्थल में महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अगले प्रशिक्षण का आयोजन 07 जनवरी को समय दोपहर 01 बजे से संध्या 05 बजे तक सेजेस स्कूल कोन्टा में आयोजित किया जाएगा जिसमें विकासखण्ड के अंतर्गत समस्त विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, समस्त अधीक्षक व अधीक्षिका आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, समस्त संकुल समन्वयक विकासखण्ड एवं स्वास्थ्य विभाग के विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 08 जनवरी दोपहर 01 बजे से संध्या 05 बजे तक जिला कार्यालय सुकमा के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा जिसमें समस्त जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

पुरातात्विक शैलचित्रों के लिए चर्चित है बालोद जिले का चितवाडोंगरी

बालोद(विश्व परिवार)। बालोद जिला प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही पुरातात्विक महत्व के स्थानों के लिए भी जाना जाता है। यहाँ कई सारे पुरातात्विक महत्व के स्थल भी काफी चर्चित है, जिसे करीब से निहारने दूर-दूर से लोग आते हैं। इन पुरातात्विक स्थानों में एक नाम चितवाडोंगरी भी है, जो पुरातात्विक शैल चित्रों और प्राकृतिक गुफाओं के लिए काफी चर्चित है। प्राकृतिक आबोहवा से परिपूर्ण यह स्थान हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। पर्यटकों को चितवाडोंगरी के ऊपरी भाग में चढ़कर जाने से पास ही स्थित गोंदली जलाशय और वनांचल का मनोहारी दृश्य भी देखने को मिलता है। बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव के समीप स्थित चितवाडोंगरी, गोंदली जलाशय के डुबान क्षेत्र के पास स्थित है। आसपास के क्षेत्रों से ऊँचे स्थान पर स्थित चितवाडोंगरी में बड़ी चट्टानों के बीच काफी सारी छोटी-छोटी गुफाएं आज भी विद्यमान है। यहाँ के विशाल चट्टानों में पुरातात्विक महत्व के शैलचित्र उकेरे हुए दिखाई देते हैं। जिसे वन विभाग द्वारा संरक्षित करने तारों के माध्यम से घेर दिया गया है। चितवाडोंगरी में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बैठक, सोलर लाईट, पेयजल, शौचालय, वृक्षारोपण सहित जाने-आने हेतु पर्यावरण के अनुकुल रास्ते बनाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप आगंतुक पर्यटक चितवाडोंगरी में बेहतरीन पुरातात्विक पर्यटन स्थल का लुत्फ उठा रहे हैं।

समर्पित सेवा संस्थान ने साइबर सुरक्षा पर वर्कशॉप आयोजित की

नागरिकों को जागरूक करने साइबर सिक्योरिटी की दी गई जानकारी

सुकमा(विश्व परिवार)। पुलिस विभाग सुकमा और समर्पित सेवा संस्था सुकमा के संयुक्त तत्वाधान में शबरी ऑडिटोरियम हॉल कुम्हारास में शनिवार को साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। साइबर सिक्योरिटी वर्कशॉप का आयोजन पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति आम लोगों में जागरूकता फैलाना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। वर्कशॉप में उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा साइबर जागरूकता के संबंध में चित्रकला को प्रदर्शित किया गया। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री परमेश्वर तिलकवार ने साइबर फ्रॉड और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को सुरक्षित डिजिटल माहौल प्रदान करना है। इस वर्कशॉप के माध्यम से हमने यह प्रयास किया कि लोग साइबर खतरों को समझें और उनसे बचने के लिए सतर्क रहें। वर्कशॉप का संचालन साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ श्री तेजराम सारथी ने किया जिन्होंने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं, डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और पासवर्ड सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। साइबर सुरक्षा सप्ताह में केंद्रीय विद्यालय, पोटा केबिन कुम्हारास, कन्या परिसर सुकमा, एकलव्य स्कुल सुकमा, डीएवी स्कुल सुकमा, आत्मानन्द स्कुल सुकमा में साइबर सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस प्रतियोगिता में कु. मिमिषा सिंह ठाकुर, केंद्रीय विद्यालय सुकमा को प्रथम पारितोषित मिला कु. मनीषा करतामी, कन्या शिक्षा परिसर को द्वितीय पारितोषित मिला एव तृतीय पारितोषित कु. अनीता बघेल एकलव्य विद्यालय ने जीता प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्र बनाये, इस प्रतियोगिता की निर्णायक कमिटी में श्री. मनीष रात्रे, डीएसपी सुकमा, श्री. परमेश्वर तिलकवार, एसडीओपी सुकमा, श्री. शिवानंद तिवारी, थाना प्रभारी सुकमा, श्री. उपाध्याय, श्री. कैलास जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता हिमांशु कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती, भुवनेश्वरी यादव, अनिल टावरी शामिल थे।

फिल्मी स्टाइल से प्लास्टिक के ड्रम में छुपा कर गांजा तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर चढ़ा गरियाबंद पुलिस के हत्थे

83.300 किलो ग्राम गांजा किमती 8.5 लाख रूपये के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप कीमती 10 लाख को किया पुलिस ने जप्त

गरियाबंद (विश्व परिवार)। गरियाबंद पुलिस को अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने व्यापक मात्रा में गांजा जप्त तक किया है। मामला थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद का है।

ज्ञात हो कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब, जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश

दिए थे जिसके परिपालन में 07. जनवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्र0 ष्ट्त 08-क्क्क-8009 के पीछे प्लास्टिक ड्रम में छुपाकर अवैध मादक पदार्थ रखकर देवभोग की ओर से गरियाबंद की ओर आ रहे है, जिसकी सूचना तस्दीक पर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुच कर मुखबीर से बताये गये संदेही वाहन को थाना के पास नाकाबंदी कर रोककर उक्त संदेही वाहन को पकडा गया। संदेही से नाम पता पुछने पर वाहन चालक ने अपना नाम जगदीश भाठीया पिता हरिश्चंद्र भाठीया उम्र 36 साल निवासी साकिन वार्ड नं. 64 सारगोया तहसील खेतगांव थाना हरनगांव जिला देवास (म0प्र0) का रहने वाला बताया तथा वाहन के पीछे नीले रंग प्लास्टिक के ड्रम मे भूरा रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ 44 पैकेट में कुल 83.300 किलोग्राम किमती 8.5 लाख रूपये तथा सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्र0 ष्ट्त 08-क्क्क-8009 किमती 10 लाख रूपये जुमला किमती 18.5 लाख रूपये को समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त अरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर 20 ड्ड(द्वद्व)(ष्ट) हृष्ठक्कस् ष्ठ का पाये से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, सउनि टीकाराम ध्रुव, प्र.आर. डिगेश्वर साहू, आर. मुरारी यादव, योगेश ठाकुर, धनेंद्र बंजारे, कुंदन जगने, कृष्णभूषन सरदार की विशेष भूमिका रही।

जप्त सम्पत्ति - (1) खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ कुल 44 पैकेट में 83.300 किलोग्राम गांजा मादक पदार्थ किमती 8.4लाख रूपये।

(02) सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्र0 ष्ट्त 08-क्क्क-8009 किमती 10 लाख रूपये।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर बुधवार 08 जनवरी 2025

व्यापार समाचार

डॉलर के मुकाबले लुढ़कते रुपये से बढ़ेगी महंगाई

मुंबई (एजेंसी)। डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में रिकॉर्ड गिरावट आ रही है। रुपया टूटकर अपने निचले स्तर 85.79 प्रति पर पहुंच गया है। यानी 1 अमेरिकी डॉलर कीमत 85 रुपए 79 पैसा हो गया है। रुपये के मूल्य में रिकॉर्ड गिरावट पर चिंता जताते हुए विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट से आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी और कुल मिलाकर देश में महंगाई बढ़ सकती है जिससे आम लोगों की जेब पर प्रभाव पड़ेगा। जानकारों का कहन है कि कमजोर रुपये से मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, पेंट आदि के दाम बढ़ जाएंगे। इसके अलावा विदेशों में पढ़ना, विदेशों में घूमने का बोझ भी बढ़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में कमी के कारण आम लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा, रुपये के मूल्य में गिरावट आयातित मुद्रास्फीति (आयातित महंगे कच्चे माल) से चीजें महंगी होंगी। उन्होंने कहा, हालांकि, अगर इससे निर्यात को गति मिलती है तब आर्थिक वृद्धि और रोजगार पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। यदि रुपये में गिरावट बाजार की ताकतों (मांग और आपूर्ति) के कारण होती है, तो उत्पादन वृद्धि और महंगाई दोनों बढ़ेंगे। इस बारे में आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, रुपये की विनिमय दर में गिरावट का सबसे बड़ा असर महंगाई बढ़ने के रूप में होता है क्योंकि आयातित कच्चे माल और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को उठाना होता है।

ओकाया ईवी ने ओपीजी मोबिलिटी के रूप में नया ब्रांड नाम अपनाया, अपने बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो के लिए एक नए और साहसिक दृश्य पहचान का किया अनावरण

नई दिल्ली: भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में, ओकाया ईवी गर्व से अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का अनावरण करता है। यह रीब्रांडिंग कंपनी की अत्याधुनिक डिज़ाइन, भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, और टिकाऊ, सुरक्षित उत्पादों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत के गतिशील उपभोक्ता आधार की बदलती जरूरतों को पूरा करती हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, ओपीजी मोबिलिटी देश भर में एक व्यापक डीलर नेटवर्क का लाभ उठाएगी। यह ब्रांड दो उप-ब्रांडों में विभाजित होगा: फेराटो, जो प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों और स्कूटरों को समर्पित है, और ओटोपीजी, जो यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों पर केंद्रित है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में, ओपीजी मोबिलिटी अपनी नई ब्रांडिंग के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेगा और अपनी पूरी रेंज के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित करेगा। इसमें मौजूदा मॉडल्स शामिल हैं जिनकी उत्पाद दक्षता में सुधार किया गया है, और अब इनमें ओपीजी मोबिलिटी का लोगो होगा। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी में कंपनी की 40 साल की मजबूत धरोहर ने इसे भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, जो उच्च गति और निम्न गति वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर, प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक, और यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों का विविध पोर्टफोलियो पेश करता है। इस रोमांचक विकास पर टिप्पणी करते हुए, ओपीजी मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक श्री अंशुल गुप्ता ने कहा : बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वर्षों की नेतृत्व क्षमता के बाद, हमें ओकाया ईवी से ओपीजी मोबिलिटी में रूपांतरित होने पर बेहद खुशी हो रही है। जो एक संपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन समाधान प्रदान करने वाला प्रदाता है। यह रीब्रांडिंग केवल एक नया नाम नहीं है, बल्कि यह भारत के तेजी से विकसित होते ईवी बाजार में आगे रहने के लिए एक रणनीतिक कदम है। हम आज के भारतीय उपभोक्ताओं से जुड़ने की आवश्यकता को समझते हैं, और यह नई पहचान हमारे आधुनिक डिज़ाइन, उन्नत प्रौद्योगिकी और कस्टमर - फर्स्ट दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा नया लोगो हमारी नवीनीकरण ऊर्जा और एक युवा, तकनीकी रूप से सक्षम दर्शकों से जुड़ने की हमारी इच्छा का भी प्रतीक है। श्री अंशुल ने आगे कहा, भारत मोबिलिटी 2025 एक्सपो इस नए दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए एक आदर्श मंच है। हम ओपीजी मोबिलिटी ब्रांड के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेंगे और अपने पूरे पोर्टफोलियो में इस दृश्य परिवर्तन को लागू करेंगे। यह परिवर्तन प्रत्येक ग्राहक संपर्क बिंदु पर, चाहे वह वर्चुअल हो या भौतिक, दर्शाया जाएगा, जिससे एक सुसंगत और आकर्षक ब्रांड अनुभव सुनिश्चित भी होगा।

वी और लायन्सगेट ने वी मुवीज़ एण्ड टीवी पर प्रीमियम कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए की साझेदारी

रायपुर। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने प्रीमियम स्ट्रीमिंग सर्विस लायन्सगेट प्ले के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसके साथ उपभोक्ता टॉप-टियर कंटेंट की एक्सक्लुज़िव लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। एक्शन ब्लॉकबस्टर्स, आईकोनिक फ्रैंचाइज़, प्रतिष्ठित फिल्मों और सीरीज़, ग्लोबल अवॉर्ड्स, एक्सक्लुज़िव प्रीमियर तथा डब्ड कंटेंट की व्यापक रेंज के साथ लायन्सगेट एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इस साझेदारी के साथ वी का ओटीटी पोर्टफोलियो और भी विस्तारित हो गया है जो उपभोक्ताओं को किफ़ायती दाम पर हॉलीवुड फिल्मों, ओरिजिनल सीरीज़, इंटरनेशन टाइटल्स की प्रीमियम लाइब्रेरी का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

वी मुवीज़ एण्ड टीवी- उपभोक्ताओं की मनोरंजन संबंधी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए वी मुवीज़ एण्ड टीवी को डिज़ाइन किया गया है, जहां उपभोक्ता सिंगल ऐप और सिंगल सब्सक्रिप्शन के ज़रिए टॉप ओटीटी का आनंद उठा सकते हैं। वे कंटेंट की व्यापक रेंज का लुत्फ़उठा सकते हैं, जिसमें स्पोर्ट्स के लिए डिज़्नी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, ज़ी 5, फैनकोड और रीजनल कंटेंट के लिए सन नेक्स्ट, मनोरमा मैक्स, नम्माफ्लिक्स, क्लिक, चौपाल, और अब लायन्सगेट प्ले के साथ सर्वश्रेष्ठ हॉलीवुड शामिल हैं। ये 30 से अधिक लाईव न्यूज़ चैनलों सहित 300 से अधिक लाईव टीवी चैनल भी पेश करता है। उपभोक्ता वी मुवीज़ एण्ड टीवी ऐप के ज़रिए स्मार्टफ़ोन, स्मार्ट टीवी और लैपटॉप या टैबलेट पर इन सभी कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं।

अभिनेता अभिषेक बच्चन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने

नई दिल्ली(एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने आईसीसी द्वारा अनुमोदित यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के साथ हाथ मिलाया है, जो तीन सदस्य क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड - के साथ साझेदारी में एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। उन्होंने सह-मालिक के रूप में संपत्ति में निवेश किया है। ईटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक शुरू होने वाला है और इसमें तीनों देशों की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं शामिल होंगी, जो दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ सच्चे यूरोपीय अंदाज में कंधे से कंधा मिलाकर खेलेंगी। यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा, क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है; यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्डों के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरुआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएं और खेल शुरू करें। लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं, साथ ही रणनीतिक भागीदार रूल्स स्पोर्ट टेक, फंडिंग भागीदारों की ओर से। इस कार्य समूह को प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने और टूर्नामेंट के प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रशासनिक इकाई की स्थापना और संसाधन की देखरेख करने का काम सौंपा गया है। क्रिकेट आयरलैंड के सीईओ और ईटीपीएल के अध्यक्ष वॉरेन ड्यूट्रोम ने अभिषेक की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा, खेलों के प्रति उनका गहरा जुनून और उद्यमशीलता की समझ यूरोपीय क्रिकेट की स्थिति और प्रोफ़ाइल को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण में जबरदस्त मूल्य जोड़ती है। आईसीसी के समर्थन, हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति अभिषेक की प्रतिबद्धता और रूल्स स्पोर्ट टेक के सौरव, प्रियंका और धीरज द्वारा टूर्नामेंट में लाई गई असाधारण विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि हम एक ऐसा क्रिकेट अनुभव बना सकते हैं जो खेल को आगे बढ़ाए, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करे और वैश्विक क्रिकेट मंच पर यूरोपीय क्रिकेट के लिए एक जबरदस्त मंच प्रदान करे। ईटीपीएल के निदेशक सौरव बनर्जी ने क्षेत्र की क्षमता पर प्रकाश डाला, क्रिकेट, जो दुनिया भर में दूसरा सबसे अधिक देखा जाने वाला खेल है, यूरोप में महत्वपूर्ण गति प्राप्त कर रहा है। इस क्षेत्र से 108 आईसीसी सदस्यों में से 34 के साथ, हमारा लक्ष्य क्रिकेट को यहां एक प्रमुख खेल बनाना है, एक ऐसी विरासत का निर्माण करना है जिसका खिलाड़ी, प्रशंसक और हितधारक गर्व से जश्न मना सकें। क्रिकेट आयरलैंड के समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता, जो इसे संभव बनाने के लिए पिछले एक साल से हमारे साथ अथक प्रयास कर रहा है। हम अभिषेक के साथ मिलकर काम करने के लिए भी उत्सुक हैं, जिनकी खेलों के प्रति प्रतिबद्धता और सक्रिय भागीदारी वास्तव में प्रेरणादायक रही है।

जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से हो सकते हैं बाहर

नईदिल्ली(एजेंसी)। हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है। इस बीच खबर है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इन दोनों सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्हें आराम दिया जा सकता है। बता दें कि भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी भी नहीं कर सके थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बुमराह की पीठ की चोट की गंभीरता का अभी पता नहीं चल पाया है। अगर बुमराह की चोट ग्रेड-1 श्रेणी की है, तो कम से कम 2 से 3 सप्ताह का रिहैब करना होगा। वहीं, ग्रेड-2 की चोट के मामले में, ठीक होने में 6 सप्ताह लग सकते हैं जबकि ग्रेड-3 के लिए कम से कम 3 महीने के आराम और रिहैब की आवश्यकता होती है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। बुमराह के वर्कलोड और चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए उनको टी-20 सीरीज से आराम दिया जाने की उम्मीद थी। अब चोट के बाद वह निश्चित तौर पर टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इसके बाद भारत को 6 फरवरी से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है, इसमें भी बुमराह के खेलने की बहुत कम संभावना है। बुमराह ने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए।

रोहित को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए घरेलू मैच खेलने चाहिए: दिनेश लाड

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने सुझाव दिया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खराब प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए कुछ घरेलू मैच खेलने चाहिए। भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से गंवा दी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूक गया। रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने से पहले अगली पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर नहीं बना पाए। उन्होंने सीरीज की पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक जांच के दायरे में आ गए। इसके अलावा, पूर्व क्रिकेटरों और मीडिया ने भी उनके नेतृत्व कौशल पर सवाल उठाए, जिससे भारत को लाल गेंद वाले क्रिकेट में आईसीसी मेजर जीतने का मौका गंवाना पड़ा। दिनेश लाड ने बताया कि पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित की प्राथमिकताएं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीतना थीं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद कोच ने कहा कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट खेलने से पहले घरेलू क्रिकेट खेलने पर ध्यान देना चाहिए। दिनेश लाड ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित के पास केवल दो लक्ष्य हैं - पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना और दूसरा वनडे विश्व कप जीतना। अगर वह चाहते तो उन्हें सभी प्रारूपों (टी20 विश्व कप खिताब के बाद) से संन्यास ले लेना चाहिए था, लेकिन उन्होंने केवल टी20 क्रिकेट से संन्यास लिया।

लेजेन्ड-90 क्रिकेट लीग : रायपुर में होगी रनों की बारिश ऑक्शन में रैना, गेल, वार्नर, दिलशान महंगे खिलाड़ी

5 जनवरी को रायपुर में शानदार तरीके से हुआ ड्राफ्ट

छत्तीसगढ़ वारियर्स से खेलेंगे रैना, गुप्टिल और रायडू जैसे दिग्गज

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे सभी मुकाबले

आयोजन 6 से 18 फरवरी तक, 7 टीमें लेंगी हिस्सा

तमन्ना, हुमा बिखेरेंगी जलवा, सोनू निगम बांधेंगे समां

रायपुर (विश्व परिवार)। लेजेन्ड 90 क्रिकेट लीग का ड्राफ्ट 5 जनवरी को रायपुर में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस लीग का आयोजन 6 से 18 फरवरी तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। लीग की खास बात यह है कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट लीग है, जिसका पिछले सीजन का आयोजन श्रीलंका के कैंडी शहर में हुआ था। इस बार भारत को इस आयोजन का सम्मान प्राप्त हुआ है, जो प्रदेश और शहर के लिए गर्व की बात है। लेजेन्ड 90 क्रिकेट लीग का आयोजन न सिर्फ क्रिकेट के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में खेल और मनोरंजन के एक नए दौर की शुरुआत भी है।

लीग में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारे हिस्सा लेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से क्रिस गेल, डेविड वार्नर, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, मैथ्यू वेड, मोइन अली, आरोन फिंच, तिसारा परेरा, दिनेश कार्तिक, शॉन मार्श, मार्टिन गुप्टिल, केदार जाधव, बेन डंक और डेनियल क्रिश्चियन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

लीग के ड्राफ्ट समारोह में प्रमुख व्यक्तियों के रूप में आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कमेंटेटर चारु शर्मा, बिग बॉस फेम शेफाली बग्गा, लीग के सीईओ शिवेन शर्मा, सीओओ तरुणेश सिंह परिहार और छत्तीसगढ़ क्रिकेट एंकर खुशबू अंसारी शामिल रहे।

इस लीग में कुल 7 टीमें हैं: बिग ब्वॉस, दुबई जायंट, दिल्ली रॉयल्स, राजस्थान किंग, हरियाणा ग्लेडियेटर्स, गुजरात संप्रेमी और छत्तीसगढ़ वारियर्स। इस भव्य समारोह के दौरान विभिन्न टीमों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चुना, जिनमें सबसे महंगे खिलाड़ियों में सुरेश रैना, शिखर धवन, ड्वेन ब्रावो, क्रिस गेल, युसूफ पठान, मोइन अली, कोरी एंडरसन और तिलकरत्ने दिलशान शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ वारियर्स की टीम में सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, अंबाती रायडू, पवन नेगी और अन्य प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। इस लीग में छत्तीसगढ़ से भी कई खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे, जिनमें विशाल कुशवाहा, अमित मिश्रा, कलीम खान, पंकज राव, जतिन सक्सेना और मनोज सिंह प्रमुख हैं। इन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशी की बात है, क्योंकि यह उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य के खिलाड़ियों को देखने का अवसर देगा। लीग के आयोजक और सीईओ श्री तरुणेश सिंह परिहार ने कहा कि इस भव्य क्रिकेट आयोजन को स्थानीय दर्शकों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से टिकटों की कीमत को न्यूनतम स्तर पर रखने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में इस तरह के बड़े क्रिकेट आयोजन का होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है और इससे प्रदेश में क्रिकेट के प्रति उत्साह और प्रेम बढ़ेगा, साथ ही खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

तमन्ना, हुमा बिखेरेंगी जलवा, सोनू निगम बांधेंगे समां- इस लीग में ग्लैमर का तड़का भी होगा क्योंकि बॉलीवुड से कई बड़े सितारे जैसे तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना और गायक सोनू निगम, हार्डी संधु जैसी मशहूर हस्तियाँ भी अपनी प्रस्तुति देंगी, जो इस क्रिकेट लीग को और भी रोचक और आकर्षक बना देंगी।

सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

रायपुर। सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है। ब्रांड रहस्यमयी नकाबपोश गार्ड और शो के सिग्नेचर सिंबल के साथ स्क्विड गेम के एलिमेंट को प्रदर्शित कर रहा है और विभिन्न डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर इस सहयोग का लाभ उठा रहा है।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER MANAGEMENT DIVISION NO. 2,
BALODABAZAR (C.G.)

CORRIGENDUM NO. 1

In System Tender No. 162740 N.I.T. No. 07/SAC/24-25, Balodabazar, Dated 13.12.2024 whose G-Number is 04594 dated 17.12.2024 due to including Chhattisgarh Govt. WRD, Mantralya Mahanadi Bhavan, Nawa Raipur- Atal Nagar latter no. 4513/F-7-34/S-2/31/2006 Nawa Raipur, Dated 25.11.2024, in Tender Document form - B (Envelope-C) following amendments are made:-

S. No.	Earlier Published	Amendments Now Read as
1	Online Tenders are invited for the following work up to 03.01.2025 at 17.30 Hours	Online Tenders are invited for the following work up to 14.01.2025 at 17.30 Hours
2	Bid Open Start Date and time: 06.01.2025, 11:30 Hours	Bid Open Start Date and time: 15.01.2025, 11:30 Hours

Note:- All other terms and conditions will remain be unchanged.

Executive Engineer
Water Management Division No. 2, Balodabazar
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

G-242505089/3

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025

अवैध मुरूम खनन पर भी कार्रवाई, रैम्प को किया गया नष्ट

रायपुर (विसं)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश में जिले की अवैध खनिज खनन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रायपुर जिले में खनिज विभाग की टीम ने तहसील गोबरानवापारा के ग्राम पारागांव में अवैध रेत उत्खनन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेत खनन बंद पाए जाने की स्थिति किन्तु रेत खनन के लिए बनाए गए अवैध रैम्प को मशीन से नष्ट किया गया। साथ ही पारागांव के निकट ही गरियाबंद जिले में वहां की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई कर रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 2 चैन माउंटेन मशीन को दो मशीनों को जब्त कर थाने को सुपुर्द किया है।

संक्षिप्त समाचार

मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के प्रमुख षड्यंत्रकारी ठेकेदार का लायसेंस निलंबित, सभी कार्य निरस्त

रायपुर (विश्व परिवार)। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद अब शासन स्तर पर कार्रवाई होनी शुरू हो गई है. इस कड़ी में लोक निर्माण विभाग ने उसका अ वर्ग ठेकेदार के पंजीयन (क्र. CGeR06088 दिनांक 06.03.2020) को निलंबित कर दिया है. लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश में बताया गया कि मुख्य अभियंता, बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर ने विभाग में पंजीकृत अ वर्ग ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार किए जाने पर पंजीयन को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की थी. इस अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने सुरेश चंद्राकर के अ वर्ग पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. बता दें कि नेलसनार-कोडोली-मिरतुर-गंगालुर मार्ग के कार्य को कुल 30 भागो में विभक्त किया गया था, जिसमें 17 भागों का कार्य सुरेश चन्द्राकर को 30 नवंबर 2015 को दिया गया था, जिसे 29 जुलाई 2016 तक पूरा करना था. इसकी अनुबंधानुसार लागत 5407.14 लाख रुपए थी, जिसकी पुनरीक्षित स्वीकृति राशि रू. 14139.89 लाख है. सुरेश चंद्राकर ने 17 भागों में मिले कुल 32.40 किमी सड़क में से 12 भागों में 24.90 किमी सड़क का पूर्ण कर लिया गया था, जिसके विरूद्व 11617.97 लाख रुपए व्यय किया गया था. शेष 05 भागों का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है.

सरदारनी महिंदर कौर अरोरा का निधन

रायपुर (विश्व परिवार)। अमलीडीह (कल्पतरु) निवासी सरदारनी महिंदर कौर अरोरा (पत्नी स्व. सरदार अमर सिंह अरोरा) का निधन दिनांक 6 जनवरी 2025 को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजिंदर सिंह अरोरा की माता थी। राजिंदर सिंह अरोरा, फोन- 9098199913, 9340708106.

प्रेमा व कमलेश्वरी के परिजनों को मिली 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि

रायपुर (विसं)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसके अनुसार आपदा, दुर्घटना इत्यादि प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई की जा रही है। ऐसे प्रकरणों का पर आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि प्रदान की गई है। सिलतरा निवासी प्रेमा साहू की आग में जलने और आंरग के ग्राम गुल्लू निवासी कमलेश्वरी पटेल तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। इनका आवेदन जिला कार्यालय के राजस्व शाखा में 6 जनवरी को पहुंचा और आज 7 जनवरी को प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इनके परिजनों को कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बीजापुर की घटना बेहद दुर्भाग्यजनक, नक्सलियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी : डिप्टी सीएम

- नक्सल आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि : डिप्टी सीएम अरुण साव
- क्या बस्तर से नक्सलवाद खत्म नहीं होना चाहिए? कांग्रेस नेता जवाब दें : डिप्टी सीएम अरुण साव

रायपुर (विश्व परिवार)। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बस्तर के बीजापुर में नक्सलियों ने कायराना हमले की निन्दा करते हुए कहा है कि इसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा। बस्तर के जवानों का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगी। वीर शहीदों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। हमारा संकल्प बस्तर से नक्सलवाद को खत्म करने का है।

अरुण साव ने कहा कि, केंद्र सरकार देश को आतंकवाद, अलगाववाद और नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए काम कर रही है। आज ये अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। इसलिए समय-समय पर बौखलाहट में इस तरह की कायराना हरकत करते हैं। लेकिन वो दिन दूर नहीं जब देश से आतंकवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त होगा।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो उन्होंने नक्सलवाद को बढ़ावा दिया, नक्सलवाद को पाला पोसा है। जब हमारे जवान नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है तो कांग्रेस नेताओं के पेट में दर्द क्यों हो रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है क्या संबंध है इनके। उन्होंने पूछा कि, क्या बस्तर से नक्सलवाद खत्म नहीं होना चाहिए? क्या बस्तर को नक्सलियों के हवाले करेंगे? क्या हिंसा की आग में झोंक कर रखेंगे? हमारे सुरक्षाबल के जवान, और सरकार रणनीति से काम कर रहे हैं। कल की घटना दुर्भाग्यजनक है। नक्सलियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

नई दिल्ली/रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को राज्यसभा सचिवालय में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) और निपुण भारत मिशन को सम्मिलित करते हुए शिक्षा, महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियों ने आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रारंभिक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार पर अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS), नवोदय विद्यालय संगठन (NVS), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) जैसी स्वायत्त संस्थाओं के कार्यकरण पर चर्चा की गई। सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने शिक्षा के शुरुआती वर्षों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR), केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) और अन्य निकायों के कार्यकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक से शिक्षा, महिला और बाल विकास के क्षेत्रों में बेहतर नीतियों और योजनाओं को लागू करने में प्रभावी कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह चर्चा हमारे देश के भविष्य को सशक्त और उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

रायपुर नगर निगम महापौर पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित, कविता शिव-ग्वालानी कांग्रेस पार्टी की प्रबल दावेदार

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर नगर निगम का महापौर पद इस बार सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इस अवसर पर सिंधी समाज की प्रतिष्ठित नेत्री और पूर्व पार्षद कविता शिव-ग्वालानी कांग्रेस पार्टी से महापौर पद की प्रबल दावेदार के रूप में उभरी हैं।

कविता शिव-ग्वालानी ने 2009 से 2014 तक लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड की पार्षद के रूप में प्रभावी कार्यकाल देते हुए वार्ड के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके समाजसेवा और नेतृत्व क्षमता के चलते कांग्रेस पार्टी और सिंधी समाज का उनके प्रति व्यापक समर्थन है।

सशक्त पारिवारिक पृष्ठभूमि : कविता शिव-ग्वालानी के पति शहर के एक प्रसिद्ध लेखक और उपन्यासकार हैं, जिनकी साहित्यिक कृतियां पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। इसके साथ ही उनके सुपुत्र रवि ग्वालानी ने भी सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। रवि ग्वालानी सिंधी समाज की प्रमुख संस्था सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के युवा अध्यक्ष (यूथ अध्यक्ष) हैं। वे रायपुर सीए इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष (प्रेजिडेंट) के रूप में भी सेवा दे चुके हैं, जहां उन्होंने युवा पेशेवरों के उत्थान और प्रशिक्षण के लिए अनेक कार्य किए।

सिंधी समाज का पूर्ण समर्थन : रायपुर शहर में सिंधी समाज के 1 लाख से अधिक मतदाता हैं, जो इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस पार्टी यदि कविता शिव-ग्वालानी को टिकट देती है, तो यह सुनिश्चित है कि सिंधी समाज का व्यापक समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिलेगा, जिससे पार्टी की जीत की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी।

कविता शिव-ग्वालानी का वक्तव्य : रायपुर को एक आधुनिक, स्वच्छ और सशक्त शहर बनाना मेरी प्राथमिकता है। महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और शहर के समग्र विकास के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी।

प्रमुख बिंदु- पूर्व पार्षद (2009-2014)- लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड एवम सदस्य अपील कमिटी। सिंधी समाज- 1 लाख+ निर्णायक मतदाता। सशक्त पारिवारिक पृष्ठभूमि- पति- शिव ग्वालानी प्रसिद्ध लेखक और उपन्यासकार। सुपुत्र रवि ग्वालानी- सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के यूथ अध्यक्ष एवं रायपुर सीए इंस्टिट्यूट के पूर्व प्रेजिडेंट। महापौर पद की प्राथमिकताएं- स्वच्छता, महिलाओं का सशक्तिकरण और समग्र विकास।

पत्रकार की हत्या के विरोध में व्यापारियों ने किया बस्तर बंद

जगदलपुर-रायपुर (आरएनएस)। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या, नक्सल ब्लास्ट में जवानों के शहीद होने और बड़े बोदल में धर्मांतरण विवाद की वजह से हुए मारपीट पर बस्तर बंद के आह्वान का सुबह से असर देखने को मिल रहा है. बंद को बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी समर्थन दिया है. सुबह से ही विश्व हिंदू परिषद व आदिवासी समाज ने शहर में रैली की शक्ल में बंद करवाने निकले हुए हैबीजापुर जिले में सोमवार को बड़ा नक्सली हमला हुआ. उसूर ब्लॉक के कुटरू के पास अंबेली गांव में नक्सलियों ने जवानों को लेकर जा रही गाड़ी को विस्फोट कर उड़ा दिया. इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान शहीद हो गए। वहीं, ड्राइवर तुलेश्वर राना की भी मौत हुई है. पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर से जॉइंट पार्टी ऑपरेशन से लौट रही थी. अंबेली गांव के पास दोपहर करीब सवा 2 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया. यह बीते दो साल में राज्य में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों का सबसे बड़ा और 2025 का पहला हमला है।

तमिलनाडु में दिगंबर जैन मंदिरों की भव्यता एवं प्राचीनता पर रायपुर निवासी श्री पवन जैन रारा की सचित्र विस्तृत रिपोर्ट

मैं पवन रारा कोषाध्यक्ष श्री सन्मतीनगर खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर रायपुर। 26.12.2024 से 03.01.2025 तक तमिलनाडू के जैन मंदिरों की वंदना करने का सौभाग्य मिला है। राजस्थान के सीकर नगर से जय जिनेन्द्र ग्रुप 250 यात्रियों को लेकर यात्रा पर निकला था जिसमें मैं नागपुर से शामिल हुआ। अरिहंत गिरी का मंदिर बहुत विशाल और भव्य है, सब सुविधाएं है। पहाड़ भी है जिस पर पार्श्वनाथ जी के चरण है और एक पहाड़ की तलहटी में भगवान नेमीनाथ जी का बहुत प्राचान मंदिर है जो कि ग्रेनाईट पत्थरों से बना हुआ है। करंडई जिन कांची मंदिर बहुत प्राचीन देखा। पुन्नुर्मलई क्षेत्र पर नीचे तीन मंदिर है। नंदिश्वर द्वीप, सहस्त्रकुट जिनालय है। तपोवन भी है जहां सात मंदिर है। ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। पहाड़ भी है कहा जाता है कि इसी पहाड़ पर तपस्या करके आचार्य कुंदकुद स्वामी ने आकाश गामिनी विद्या सिद्ध करके विदेह क्षेत्र जाकर सीमंधर स्वामी की देशना लेकर आये थे। यहां पर श्री विजय शाह के मागदर्शन में ताड़पत्रों के ग्रंथों का बहुत बड़ा संग्रह है। मेलचितामूर का मंदिर अति प्राचीन एवं बहुत विशाल है। यहां चंद्रप्रभ् भगवान की बहुत अतिशयकारी प्रतिमा है। तरूर कुंडई में भी पहाड़ पर जिस पार्श्वनाथ भगवान की पत्थर पर उकेरी गई अतिआकार्षक प्रतिमा है जिसका अभिषेक एवं शांतिधारा देखने का सौभाग्य मिला। इसके अलावा मन्नारगुड़ी, दीपनगुड़ी, कुंभकोणम के मंदिरों के दर्शन एवं पूजन किये फिर वहां कुम्भेश्वर, मंदिर, सीतानवासल पंच पहाड़ी कोलूवलाई आदि तीर्थो के दर्शन किया। मदुरै में मिनाक्षी मंदिर में विशाल मंदिर जहां एक हजार पिलर महामंडपम् है। पांडीचेरी में भी दो बड़े व आकर्षक मंदिर तथा एक चैत्यालय है। दक्षिण के सभी मंदिरों में तीन चींजे खास देखी 1. हर मंदिर के द्वार पर दीप स्थान, 2 एक धातु का उतंग ध्वजा दण्ड, 3 विशाल पत्थर का उतंग मान स्तंभ।

हर मंदिर में मूलनायक भगवान के शासन देवी का अलग से मंदिर है। मदुरै शहर के 20 किलोमीटर के दायरे में चारो तरफ 11 पहाड़ है। जहां जैन मंदिरों के अवशेष, मूर्तियां व विशाल प्रतिमाएं आज भी विराजमान है। जिसकी देखरेख की अतिआवश्यकता है।

इन मंदिरों में आवागमन व आय बढ़ाने के लिए कुछ आवश्यक कार्य जरूरी है। जैसे कुछ कमरे हो जहां यात्री विश्राम कर सके। मंदिर का पहुंच मार्ग सही हो, गलियों में संकेत लगे हो, अभिषेक एवं पूजन के लिए उचित सुविधा उपलब्ध हो।



युवा कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया यंग इंडिया के बोल का पांचवा संस्करण

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, अन्य पदाधिकारी रहे मौजू

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज राजधानी रायपुर में यंग इंडिया के बोल का पांचवा संस्करण शुरू किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इसके बारे में जानकारी दी एवं यंग इंडिया बोल सीजन 5 का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। दरअसल युवा कांग्रेस द्वारा लगातार 4 वर्षों से यंग इंडिया के बोल चलाया जा रहा है इसके तहत युवा कांग्रेस जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ताओं को इस प्रतियोगिता के जारी चुनती है इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 35 वर्ष के सभी युवा भाग ले सकते हैं उन्हें 2द्बह्लद्ब4ष्ड्डश्च के माध्यम से इसमें अपना पंजीयन करना होता है और देश एवं प्रदेश में चल रहे किसी भी एक विषय पर अपना एक वीडियो बनाना होता है या फिर वाद विवाद या रेल बनाकर इसमें अपलोड किया जाता है उसके बाद जिला स्तर पर एवं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं को चयनित किया जाता है।

यंग इंडिया के बोल के बारे में : यंग इंडिया के बोल का पाँचवाँ संस्करण शुरू करते हुए हमें अत्यधिक गर्व और उत्साह हो रहा है। यह केवल एक प्रतिभा खोज कार्यक्रम नहीं है। यह युवा आवाज़ों को सशक्त बनाने और हमारे देश में बदलाव लाने वाले भविष्य के नेताओं को सामने लाने के लिए एक आंदोलन है।

आवेदन अभी खुले हैं। इच्छुक प्रतिभागी YIKB वेबसाइट या "WITH IYC" ऐप पर अपना वीडियो भेजकर पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतियोगिता तीन स्तरों पंजीकरण, राज्य स्तर, और राष्ट्रीय स्तर और तीन श्रेणियों - भाषण, वाद-विवाद, और रील निर्माण में आयोजित की जाएगी। पंजीकरण स्तर से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में आगे बढ़ेंगे, और राज्य स्तर के विजेता अंतिम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को भारतीय युवा कांग्रेस के राज्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने का एक अनोखा अवसर मिलेगा और उन्हें वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ताओं से मार्गदर्शन प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं, उपविजेताओं, और सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर, सर्वश्रेष्ठ वक्ता, सर्वश्रेष्ठ वाद-विवादकर्ता और सर्वश्रेष्ठ रील-निर्माता को ?50, 000, प्रथम उपविजेता को 40, 000 रुपए और द्वितीय उपविजेता को 25, 000 रुपए का पुरस्कार मिलेगा। सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागी (यदि शीर्ष तीन में नहीं है) को 40, 000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। राज्य स्तर पर, प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को 10, 000 रुपए, उपविजेताओं को 7, 500 रुपए और सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागी (यदि शीर्ष दो में नहीं है) को 7, 500 रुपए का पुरस्कार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तर की प्रतियोगिता में योग्य सभी प्रतिभागियों को राज्य या जिला स्तर पर युवा कांग्रेस में पद दिए जाएंगे, जिससे वे संगठन के मिशन में सक्रिय रूप से शामिल रह सकें।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि आज युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बल का पांचवा संस्करण छत्तीसगढ़ में आज से प्रारंभ करने जा रही है यह कार्यक्रम पूरे देश भर के युवाओं के लिए है जो तथ्यों के साथ अपनी बात रख सके उन्हें युवा कांग्रेस जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता के रूप में युवा कांग्रेस में शामिल करेगी इस कार्यक्रम के जरिए जो भी हुआ जो गैर राजनीतिक या किसी भी पार्टी से संबंध नहीं रखते पर देश में भारती बेरोजगारी बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ कुछ बोलना चाह तो यंग इंडिया के बोल के माध्यम से वह अपनी बात रख सकते हैं यह कार्यक्रम आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में जाएगा और अच्छे प्रवक्ता को खोजने का प्रयास करेगा जो कभी प्रवक्ता रहेंगे उन्हें प्रदेश एवं राष्ट्र में प्रवक्ता के रूप में नियुक्ति दी जाएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव जसमीत शर्मा मीडिया विभाग अध्यक्ष आशीष द्विवेदी मीडिया प्रभारी तुषार गुहा प्रदेश सचिव अमिताभ घोष, अनूप वर्मा, अपराजिता तिवारी प्रवक्ता राहुल कर लक्षित तिवारी, शिवम दुबे उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में है। पूरे संभाग में शीतलहर चल रही है। प्रदेश में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंडी और बढ़ेगी। हालांकि अभी दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं सोमवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां 7.1 डिग्री न्यून्यतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। इससे प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही आउटर इलाकों में कोहरा छाए रहन के साथ ही कड़ाके की ठंड और ठिठुरन का अहसास होने वाला है। हालांकि अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव नहीं होगा। दो दिनों के बाद मौसम मी बदलाव होगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
PRP तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354